RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 17 | अंक 74 | सीकर, सोमवार 11 मई 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## विजय तमिलनाडु के 9वें मुख्यमंत्री बने



चेन्नई।

तमिलगा वेत्री कड़गम चीफ और एक्टर से नेता बने सी जोसेफ विजय तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री बन गए हैं। उन्होंने रविवार सुबह 10.15 बजे तमिल में शपथ ली। इस दौरान राहुल गांधी भी मौजूद रहे।

थलापित विजय शपथ लेते समय निर्धारित लाइनों के अलावा और बातें बोलने लगे। इस पर राज्यपाल अर्लेकर ने उन्हें टोक दिया। केवल निर्धारित शपथ के शब्दों तक सीमित रहने के लिए कहा। सीएम विजय के साथ 9 और मंत्रियों ने भी शपथ ली। इनमें एन आनंद, आधव अर्जुन, डॉ. केजी अरुणराज, केए सेंगोट्टैयन, पी वेंकटरमणन, आर निर्मलकुमार, राजमोहन, डॉ. टीके प्रभु, सेल्वी एस कीर्तना शामिल है। ये सभी विजय की पार्टी टीवीके के विधायक हैं। टीवीके नेता एमवी करुप्पैया को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया गया है। राज्यपाल ने सीएम विजय को 13 मई को विश्वास मत हासिल करने को कहा है।

सीएम बनते ही विजय एक्शन में आए और दस्तावेजों का पहला सेट साइन किया। इनमें 200 यूनिट फ्री बिजली देने, महिला सुरक्षा दल और एंटी ड्रग्स स्क्वॉड बनाने के आदेश शामिल हैं।

मैं सी. जोसेफ विजय भारत की संविधान के प्रति सच्ची आस्था और निष्ठा रखूंगा। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में भारत की एकता, अखंडता को बनाए रखूंगा और अपने विवेक के अनुसार कर्तव्यों और कानून का पालन करूंगा। किसी से डरूंगा नहीं और ना ही एकतरफा आदेश मानूंगा। मैं न्याय करूंगा, सभी लोगों के साथ न्याय करूंगा।

### शनिवार को चौथी बार राज्यपाल से मिले थे विजय

इससे पहले शनिवार को विजय ने राज्यपाल अर्लेकर को टीवीके, कांग्रेस, सीपीआई, सीपीएम, वीसीके और द्रुरू के विधायकों के समर्थन पत्र सौंपे। इसके बाद राज्यपाल ने उन्हें सरकार बनाने का न्योता दिया। विजय की दो साल पुरानी पार्टी टीवीके ने अपने पहले ही विधानसभा चुनाव में 234 में 108 सीटें जीतीं। तमिलनाडु में 1967 के बाद पहली बार गैर-द्रविड़ दल का मुख्यमंत्री बना है।

### तमिलनाडु में शपथ के टॉप मोमेंट्स

#### 1. सफेद शर्ट, ब्लैक पैंट में शपथ लेने पहुंचे

विजय ने शपथ ग्रहण समारोह के लिए ट्रेडिशनल धोती (वेष्टी) और शर्ट की बजाय फॉर्मल लुक को चुना। विजय सफेद शर्ट, ब्लैक पैंट में पहुंचे। हालांकि, शपथ लेते हुए उन्होंने ब्लैक कोट भी पहन लिया। इससे पहले नेता पारंपरिक तमिल पहनावा ही चुनते थे। पूर्व सीएम एमजी रामचंद्रन हमेशा अपनी टोपी, चश्मे और सफेद वेष्टी-शर्ट में शपथ लेते थे। पूर्व सीएम एम करुणानिधि भी पीली शॉल और सफेद पारंपरिक पहनावे के लिए जाने जाते थे। विजय का ये मॉडर्न लुक तमिलनाडु के युवाओं के साथ जुड़ने और बदलाव के लिए उनकी कोशिश का हिस्सा माना जा रहा है।

#### 2. शपथ लेने के दौरान विजय को गवर्नर ने टोका

एक्टर विजय ने तमिल में शपथ ली। विजय शपथ पत्र की निर्धारित लाइनों के अलावा और बातें बोलने लगे। इस पर राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने उन्हें टोक दिया और केवल निर्धारित शपथ के शब्दों तक सीमित रहने के लिए कहा। इसके बाद इन्होंने लिखित शपथ पत्र पढ़ा। विजय को इस स्पीच के कारण टोका- मैं सी. जोसेफ विजय भारत की संविधान के प्रति सच्ची आस्था और निष्ठा रखूंगा। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में भारत की एकता, अखंडता को बनाए रखूंगा और अपने विवेक के अनुसार कर्तव्यों और कानून का पालन करूंगा। किसी से डरूंगा नहीं और ना ही एकतरफा आदेश मानूंगा। मैं न्याय करूंगा, सभी लोगों के साथ न्याय करूंगा।

#### 3. शपथ के दौरान विजय के माता-पिता हाथ जोड़े रहे

विजय जब शपथ ले रहे थे, तब उनके माता-पिता भावुक हो गए। दोनों हाथ जोड़कर उन्हें सुनते दिखे। पिता एसए चंद्रशेखर प्रसिद्ध तमिल फिल्म निर्देशक और निर्माता हैं। उनकी मां शोभा जानी-मानी सिंगर और राइटर हैं। पिता ने ही विजय को सीएम बनाने का सपना देखा था।

#### 4. शपथ पहली बार स्टेडियम में, समर्थक ताली बजाते रहे

तमिलनाडु में आमतौर पर शपथ खुले मैदान में होती है। पहली बार ऐसा हुआ कि किसी सरकार ने शपथ ग्रहण के लिए स्टेडियम को चुना। एक्टर विजय जैसे शपथ के पहले, मैं सी जोसेफ विजय .... बोले तो स्टेडियम तालियों से गूंज गया। उन्हें कुछ सेकेंड रुकना पड़ा और फिर शपथ पूरी की।

## आरपीएससी पूर्व मेंबर कटारा चौथी बार गिरफ्तार

**जयपुर।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व मेंबर बाबूलाल कटारा को चौथे मामले में फिर गिरफ्तार किया। कटारा ने कृषि विज्ञान और व्याख्याता भर्ती परीक्षा-2022 का पेपर करीब 60 लाख रुपए में बेचा था। वहीं उसके भांजे के लिए दूसरी परीक्षा का पेपर दिलाने की भी डील की थी। स्हृत की जांच में यह खुलासा हुआ है। एसओजी ने बाबूलाल कटारा सहित उसके भांजे विजय डामोर और पेपर लीक माफिया का मुख्य सरगना अनिल उर्फ शेर सिंह मीणा को रविवार को गिरफ्तार किया। मामले में कई अभ्यर्थियों, बिचौलियों की भूमिका भी जांच के दायरे में है। ष्ठत्र विशाल बंसल ने बताया- ओपीजेएस विश्वविद्यालय में बैकडेट में फर्जी मार्कशीट तैयार करने की जांच की जा रही थी।

इस दौरान आरोपियों से खुलासा हुआ कि आरपीएससी के पूर्व मेंबर बाबूलाल कटारा ने 60 लाख रुपए और भांजे के लिए दूसरी भर्ती परीक्षा का पेपर मांगा था। वहीं एसओजी जांच कर रही है कि बाबूलाल कटारा के कार्यकाल में राजस्थान लोक सेवा आयोग में और किन-किन भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताएं हुईं। स्हृत सभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है। एडीजी विशाल बंसल ने कहा- नीट-2026 का कथित गैस पेपर कई दिनों से स्टूडेंट्स के पास था।

## अखिल भारतीय किसान सभा की बैठक आयोजित



निसं

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी दांतारामगढ़ की बैठक भगवान सहाय ढाका की अध्यक्षता में दांता में संपन्न हुई। बैठक में किसानों के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए संगठन को और मजबूत बनाने का निर्णय लिया गया। इसमें 16-17 मई को सीकर में आयोजित होने वाली किसान सभा के जिला सम्मेलन में दांतारामगढ़ तहसील से 30 सदस्य भाग लेंगे। इस दौरान कामरेड भंवरलाल पंवार को सर्वसम्मति से किसान सभा तहसील दांतारामगढ़ का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। इस अवसर पर कामरेड रुघाराम, हरफूल सिंह, महावीर राड़, भगवान सहाय जाखड़, श्रवण गेनण, शंकर बलौदा, सागरमल सामोता, नेमीचंद पेंटर, गोपाल बिजारणियां सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## छह माह से पेयजल संकट झेल रहा लाडपुर

निसं



**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती ग्राम लाडपुर में पिछले करीब छह माह से पेयजल संकट बना हुआ है। ग्रामीणों को पानी के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव में जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी, दो ट्यूबवेल, पाइपलाइन तथा घर-घर कनेक्शन तो दिए गए लेकिन प्रशासन और ग्राम पंचायत की अनदेखी के चलते योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि लाखों रुपये की लागत से बनी पानी की टंकी वर्तमान में शोपीस बनकर रह गई है। गांव में नियमित जलापूर्ति नहीं होने से लोगों को निजी टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार एक टैंकर पानी के लिए उन्हें 500 से 800 रुपये तक खर्च करने पड़ रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए पंचायत स्तर से लेकर जिला प्रशासन और मुख्यमंत्री तक को कई बार पत्र लिखकर अवगत कराया जा चुका है। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस समाधान नहीं हुआ है। जलदाय विभाग को भी कई बार शिकायत दी गई लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द जलापूर्ति व्यवस्था सुचारू करवाने तथा जल जीवन मिशन योजना को प्रभावी रूप से शुरू करने की मांग की है ताकि गांववासियों को पेयजल संकट से राहत मिल सके।

## विधायक जाखल का किया नागरिक अभिनंदन



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के घोडीवारा कलां के आम चौक में ग्रामीणों द्वारा विधायक विक्रम सिंह जाखल का साफा व माला पहनाकर भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। विधायक जाखल को गुसाईं जी के मंदिर से कार्यक्रम स्थल तक घोड़ी पर बैठाकर डीजे के साथ लाया गया, जहां ग्रामीणों ने स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक जाखल ने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को लेकर जनता से जो वादे किए गए हैं, उन्हें हर हाल में पूरा किया जाएगा। आयोजित कार्यक्रम के दौरान जयवीर सिंह शेखावत, ओमप्रकाश जांगिड़, मुमताज काजी, इलियास काजी, धीर सिंह माण्डासी, मदन सिंह जांटवाली, मनीष शर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष, महेश कसेरू, दिनेश जेजूसर, हितेश थोरी, हनुमान सिंह, राजेन्द्र बुडानिया, मनोहर सिंह शेखावत, शौकत खां, अमरचंद कुलहरी, रणजीत सिंह कसेरू, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र पूनिया एवं समस्त गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अणुव्रत समिति नोखा की बैठक आज

**नोखा ( नवयत्न )।** अणुव्रत समिति नोखा की बैठक आज सायं 7 बजे तेरापंथ भवन महावीर चौक, नोखा में अध्यक्ष रमेशकुमार व्यास अध्यक्षता में रखी गई है । यह जानकारी देते हुए मंत्री गजेन्द्र पारख ने बताया कि आगामी 22 मई से जैन विश्व भारती लाडनूं में आयोजित होने वाले जीवन विज्ञान प्रशिक्षण में भाग लेने व आगामी गतिविधियों के बारे में चर्चा बाबत बैठक आहूत की गई है। सभी सदस्यों से अपील की है कि ज्यादा संख्या में बैठक में सहभागिता करें।

## पीएम मोदी बोले- पेट्रोल-डीजल का उपयोग कम करें, भारत में तेल के कुएं नहीं

बेंगलुरु/हैदराबाद।

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि आज के समय में पेट्रोल, गैस और डीजल का इस्तेमाल कम करना होगा। पड़ोस में चल रहे युद्ध के असर से दुनियाभर में पेट्रोल-डीजल के दाम कई गुना बढ़ गए हैं। पीएम ने हैदराबाद में भाजपा की रैली में कहा- भारत पर इस वैश्विक संकट का असर ज्यादा है, हमारे पास तेल के बड़े कुएं नहीं हैं। आज हमें वर्क फ्रॉम होम जैसे उपायों की जरूरत है। जिन शहरों में मेट्रो है, वहां लोग मेट्रो का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि पहले जब युद्ध होता था लोग सोना दान में दे देते थे। आज दान की जरूरत नहीं है लेकिन हमें आज ये संकल्प लेना होगा कि अगले 1 साल तक शादी-ब्याह में भी अगर बहुत जरूरी न हो तो सोना न खरीदें। इससे विदेशी मुद्रा भी बचेगी।

### पीएम सोमनाथ मंदिर जाएंगे

पीएम हैदराबाद से आज शाम गुजरात जाएंगे। रविवार रात को जामनगर में रुकेंगे। 11 मई को पीएम सुबह करीब 10.15 बजे सोमनाथ मंदिर में सोमनाथ अमृत महोत्सव में शामिल होंगे। बाद में वे वडोदरा जाएंगे, जहां सरदारधाम हॉस्टल का उद्घाटन करेंगे। यहां एक जनसभा को संबोधित करेंगे।




### पीएम मोदी ने कहा- देशहित में एकजुट होकर जिम्मेदारी निभानी होगी

नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया संघर्ष के असर का जिक्र करते हुए कहा कि जब सप्लाई चेन लगातार संकट में रहती है, तब कितने भी उपाय कर लें, मुश्किलें बढ़ती ही जाती हैं। इसलिए अब हमें देश और भारत माता को सर्वोपरि रखते हुए एकजुट होकर मुकाबला करना होगा। उन्होंने कहा कि देशभक्ति सिर्फ देश के लिए मरना नहीं है। देश के लिए जीना और अपने कर्तव्यों को निभाना भी देशभक्ति है। नरेंद्र मोदी ने सिकंदराबाद की जनसभा में कहा- असम से ओडिशा और बंगाल से पुडुचेरी तक बीजेपी का विस्तार सिर्फ चुनावी जीत नहीं, बल्कि देश की राजनीतिक सोच में आए बदलाव का संकेत है। जनता अब वंशवाद और परिवारवाद नहीं, विश्वासवाद चुन रही है। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले असम में बीजेपी के कुछ ही विधायक थे, लेकिन आज वहां तीसरी बार बीजेपी-एनडी सरकार बनी है। 10 साल पहले बंगाल में बीजेपी के सिर्फ 3 विधायक थे, आज पार्टी 200 के पार पहुंच चुकी है। जहां कभी बीजेपी का झंडा उठाने वाला कोई नहीं था, वहां आज बीजेपी की सरकारें बन रही हैं।

### मोदी बोले- पेट्रोल-डीजल बचाने के लिए मेट्रो और कार पूलिंग अपनाएं

नरेंद्र मोदी ने कहा कि देशहित में जरूरत पड़ने पर फिर से वर्क फ्रॉम होम, ऑनलाइन मीटिंग और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग जैसी व्यवस्थाओं को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मौजूदा संकट में विदेशी मुद्रा बचाने पर विशेष जोर देना होगा। पीएम मोदी ने कहा, दुनिया में पेट्रोल-डीजल और फर्टिलाइजर की कीमतें बहुत बढ़ चुकी हैं, लेकिन हमारी सरकार पिछले दो महीनों से इसका बोझ खुद उठा रही है। प्रधानमंत्री ने लोगों से पेट्रोल-डीजल का कम इस्तेमाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिन शहरों में मेट्रो सुविधा है, वहां लोग मेट्रो का ज्यादा इस्तेमाल करें। साथ ही कार पूलिंग अपनाकर ज्यादा लोगों के साथ यात्रा करें, ताकि ईंधन की खपत और विदेशी मुद्रा पर खर्च कम हो सके। हैदराबाद में नरेंद्र मोदी ने कहा कि बंगाल में सिर्फ राजनीतिक दलों की जीत या हार नहीं हुई, बल्कि वहां की जनता ने ऐसी राजनीति को पराजित किया, जिसने लोगों को गुलामी की जंजीरों में जकड़ रखा था।

## हीटवेव और मानसून को लेकर केंद्र सरकार अलर्ट

**नई दिल्ली।** देशभर में दिन पर दिन बढ़ती गर्मी और लू और मानसून से पहले बाढ़ के खतरे को लेकर केंद्र सरकार ऐक्शन मोड में नजर आ रही है। यही वजह कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज एक हाईलेवल मीटिंग बुलाई। इस दौरान अधिकारियों को जरूरी निर्देश भी दिए गए। सरकारी बयान के अनुसार, शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में स्थित 30 हाई रिस्क वाली झीलों के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के सहयोग से पूर्व चेतावनी प्रणाली विकसित करने की योजना में कम से कम 60 झीलों को शामिल किया जाना चाहिए। शाह ने यह भी कहा कि केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर बाढ़ पूर्वानुमान के लिए एक एकीकृत प्रणाली होनी चाहिए। गृह मंत्री ने कहा कि हर राज्य में बाढ़ संकट प्रबंधन दल (एफसीएमटी) का गठन और उन्हें सक्रिय किया जाना चाहिए। उन्होंने एनडीएमए को यह स्टडी करने को कहा कि कितने राज्य वन आग, हीव वेव और बाढ़ से निपटने के लिए मंत्रालय के निर्देशों और एनडीएमए के दिशानिर्देशों का पालन कर रहे हैं।

## समाजसेवी बुरड़क होंगे कर्मश्री अवार्ड से सम्मानित

निसं



**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस समापन महोत्सव के अवसर पर सीकर जिले के ग्राम चैनपुरा निवासी समाजसेवी श्रवण कुमार बुरड़क को कर्मश्री अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें सामाजिक सेवा एवं जनहित कार्यों में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन 13 मई को जयपुर शहर में किया जाएगा, जिसमें देश के 25 राज्यों के राष्ट्रदूतों एवं विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट प्रतिभाओं की उपस्थिति रहेगी। समारोह के दौरान समरसता सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन एवं विचार प्रस्तुतीकरण कार्यक्रम भी आयोजित होगा। श्रवण कुमार बुरड़क, गोविंद मानव सेवा समिति फाउंडेशन के संस्थापक एवं प्रमुख समाजसेवी हैं। वे लंबे समय से ग्रामीण क्षेत्र में सामाजिक सरोकारों, जरूरतमंदों की सहायता एवं जनकल्याण कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनके सम्मान चयन की सूचना मिलने पर क्षेत्रवासियों एवं शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है।


## गीताली सहित 155 विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** लीगलएज बाय टॉप रैंकर्स जयपुर की ओर से एसएमएस मेडिकल कॉलेज सभागार में क्लेट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्लेट परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त करने वाली छात्रा गीताली गुप्ता सहित विभिन्न नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में चयनित करीब 120 विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही दसवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले करीब 35 मेधावी विद्यार्थियों को भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में विद्यार्थियों के अभिभावकों, संस्थान के अध्यापकगण एवं टीम सदस्यों की उपस्थिति में पूरे सभागार में उत्साह और प्रेरणा का माहौल रहा। लीगलएज के सुमित ओचानी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिक्षाविद एवं मोटिवेशनल स्पीकर शहनवाज रयीन तथा वैभव प्रकाश की उपस्थिति में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना के साथ हुआ। मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से मिलती है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखते रहने और बड़े लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। लीगलएज बाय टॉपरैंकर्स जयपुर के सेंटर डायरेक्टर सुमित ओचानी ने कहा कि यह संस्थान के लिए गर्व का विषय है कि राजस्थान की बेटी ने पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य केवल परीक्षा में सफलता दिलाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और बेहतर भविष्य के लिए आवश्यक कौशल विकसित करना भी है। उन्होंने विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय उनके कठिन परिश्रम, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।




### कोबरी-सार



# युवक का अपहरण कर चेन-ब्रेसलेट लूटे

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मालवीय नगर थाना इलाके में बाइक सवार बदमाशों ने युवक का अपहरण कर उसके साथ मारपीट और लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश युवक को जबरन बाइक पर बैठाकर सुनसान जगह ले गए, जहां डंडों से बेरहमी से पिटाई करने के बाद उसकी सोने की चेन, ब्रेसलेट, मोबाइल फोन और जूते तक लूटकर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार घटना वाल्मीकि कॉलोनी, मालवीय नगर की है। पीड़ित नवीन ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मालवीय नगर थाने में मामला दर्ज करवाया है। एएसआई मुकेश ने बताया कि शुक्रवार देर रात करीब 12:30 बजे नवीन कॉलोनी में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होकर पैदल घर लौट रहा था। इसी दौरान बाइक पर आए दो युवक उसके पास रुके और डराने-धमकाने के बाद जबरन बाइक पर बैठाकर अपने साथ ले गए। बदमाश उसे सुनसान स्थान पर ले गए, जहां डंडों से जमकर मारपीट की गई। इसके बाद आरोपियों ने उसके गले से सोने की चेन, हाथ का ब्रेसलेट, मोबाइल फोन और जूते तक छीन लिए। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित मालवीय नगर थाने पहुंचा और रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है तथा बाइक सवार बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है।

# हथियार सप्लाई करने का आरोपी गिरफ्तार

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** सिंघाना पुलिस ने ईशकपुरा हत्याकांड में मुख्य आरोपी को हथियार सप्लाई करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी थाने का हिस्ट्रीशीटर है जिस पर पुलिस ने 10 हजार रुपए का ईनाम घोषित कर रखा था। थानाधिकारी सुगन सिंह ने बताया कि 3 अप्रैल को रिपोर्ट प्राप्त हुई कि उसके भतीजे मुकेश ऊर्फ टिंकु की विजय ऊर्फ मिन्टु लीलाराम गुर्जर निवासी इश्कपुरा के साथ रंजीश चल रही थी। टिंकु इश्कपुरा अपने दोस्त योगेश गुर्जर व महीपाल गुर्जर ऊर्फ कालिया निवासी ईश्कपुरा से मिलने ग्राम ईश्कपुरा गया था, जहां पर विजय गुर्जर ऊर्फ मिन्टु अपने साथियों सोमवीर गुर्जर निवासी भोदन, अजीत भरगड़ निवासी भरगड़ा की ढाणी व अन्य के साथ मिलकर रास्ते में मुकेश ऊर्फ टिंकु के सीने में गोली मारकर हत्या कर दी और अपने साथीयों के साथ बाइक पर बैठकर वहां से फरार हो गए। जिस पर पुलिस ने ईश्कपुरा हत्याकांड के आरोपी विजय उर्फ मिंटू, सोमवीर व अजीत, नरेश उर्फ नरसी को पूर्व में गिरफ्तार किया कर लिया था। वारदात के मुख्य आरोपी विजय के साथ हत्या षडयंत्र रचने व आरोपी हथियार सप्लाई करने वाले एचएस संजय महला की तलाश के लिए एक टीम गठित की गई। टीम द्वारा एचएस संजय महला की तलाश खेतड़ी, नीमकाथाना, चला, अजीतगढ, सीकर, चौमु, जयपुर, चंदवाजी, पावटा, शाहपुरा, कोटपुतली, बहरोड़, अलवर, गुडगांवा, दिल्ली, रेवाड़ी, मानेसर, महेन्दगढ़, नारनोल, नांगल चोधरी, सिंघाना में संभावित स्थानों पर की गई। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि संजय महला क्षेत्र में आया हुआ है जिस पर पुलिस ने मोजा ढाणी सिंहोडीया से थाने के टॉप टेन आरोपी संजय महला निवासी मुरादपुर को हत्याकांड में षडयंत्र रचने, हथियार सप्लाई में वांछित होने पर गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी पर आठ मामले दर्ज होने पर थाने का हिस्ट्रीशीटर घोषित किया हुआ है। गिरफ्तार आरोपी से अवैध हथियार व घटना के संबंध में गहनता से पूछताछ की जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी सुगन सिंह, एएसआई महेश कुमार, एचसी कुलदीप, कांस्टेबल सुनिल मीणा, निहाल सिंह आदि शामिल थे।

# हनुमान वाटिका में मूर्ति स्थापना, उमड़ा जनसैलाब



हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** गोपाल नगर सीतसर स्थित स्थानीय हनुमान वाटिका मंदिर परिसर में शिव परिवार एवं हनुमानजी की मूर्ति स्थापना का भव्य धार्मिक आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में रंग गया। मूर्ति स्थापना कार्यक्रम की शुरुआत प्रात:काल वेदोक्त मंत्रोच्चार एवं विशेष अभिषेक के साथ हुई। विद्वान पंडित केशर देव शर्मा के सानिध्य में मुख्य यजमानों द्वारा भगवान शिव, माता पार्वती, कार्तिकेय और श्री गणेश सहित शिव परिवार तथा राम भक्त हनुमानजी की प्रतिमाओं की विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इस दौरान प्रतिमाओं का जलाधिवास, अन्नाधिवास एवं पुष्पाधिवास जैसे वैदिक अनुष्ठान संपन्न कर भव्य श्रृंगार किया गया। मंदिर परिसर में विशेष यज्ञ का आयोजन भी हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर धर्म लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत कलश यात्रा निकाली गई तथा अनुष्ठान की पूर्णाहुति पर भव्य महाआरती की गई। इसके पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन की पूर्व संध्या पर रात्रि जागरण का भी आयोजन किया गया, जिसमें भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय बना रहा। पूरे कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर जय श्री राम और हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजता रहा। इस अवसर पर कॉलोनी के सभी निवासी एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# राजस्थान दिव्यांग सेवा संस्थान की बैठक सम्पन्न

जयशंकर जांगिड़



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान दिव्यांग सेवा संस्थान की बैठक शहीद करणी राम रामदेव पार्क में की गई। बैठक के मुख्य अतिथि मनवर दीवान चोपदार तथा अध्यक्षता डॉ हुमेरा दीवान चोपदार ने की। उदयपुरवाटी के दिव्यांग सुंडा राम सैनी को संस्थान द्वारा लड़की की शादी के लिए 51 सौ का चैक तथा मनवर दीवान चोपदार 21 सौ रूपये कन्यादान स्वरूप दिव्यांग परिवार को भेंट किया।

बैठक में चार बस पास, तीन रेल्वे पास, पांच सिलाई मशीन के फॉर्म भरे गये। तथा पार्क मे बेजुबान पक्षियों के लिए पानी के परिंडे लगाये गये। बैठक में संस्थान के अध्यक्ष पृथ्वी राज गुर्जर, कोषाध्यक्ष बाबूलाल कुमावत, सोयब लंगा, सालिक, आरिफ, सुभाष खीचड़, मुकेश सैनी, कमलेश सैनी, सुनीता जांगिड़, सुमन देवी, बाबूलाल, रफीक, सत्येंद्र कुमार व राकेश जांगिड़ आदि दिव्यांग भाई बहनों ने भाग लिया। बैठक में अल्पाहार की व्यवस्था हरिराम महण ने की।

# वीपीएल करियर इंस्टीट्यूट में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को मिला करियर मार्गदर्शन

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** स्थानीय गणपति नगर स्थित वी.पी.एल. करियर इंस्टीट्यूट में '' तैयारी जीत की - सफलता की ओर कदम'' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को नीट एवं जेईई की तैयारी, सही रणनीति तथा चयन के बाद काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से उपयुक्त कॉलेज चयन की विस्तृत जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. अरुण गर्ग, जिला कलेक्टर झुंझुनू, डॉ. कैलाश राहड़, डॉ. प्रियंका बुडानिया, डॉ. दुष्यंत बसेरा एवं सुमित गुप्ता द्वारा किया गया। डॉ. अरुण गर्ग द्वारा विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासित अध्ययन के माध्यम से सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथियों के रूप में डॉ. कैलाश राहड़, डॉ. प्रियंका बुडानिया, डॉ. दुष्यंत बसेरा एवं सुमित गुप्ता ने अपने अनुभव विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के साथ साझा किए तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। संस्था के संस्थापक इंजी. प्यारेलाल ढूकिया ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में विद्यार्थियों को अध्ययन की रणनीतिक योजना, समय प्रबंधन एवं निरंतर मेहनत के महत्व के बारे में बताया तथा सफलता के लिए सकारात्मक सोच अपनाने का संदेश दिया। संस्था के निदेशक इंजी. पीयूष ढूकिया द्वारा सभी अतिथियों का साफा, शॉल, माला एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान वीपीएल नीट एवं जेईई टीम द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विद्यार्थियों को तैयारी की सही दिशा, परीक्षा रणनीति एवं काउंसलिंग प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। इसी क्रम में वीपीएल सेंटर हेड डॉ. शिखा सहाय ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से पूरे कार्यक्रम का सार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन वीपीएल एडमिन हेड जितेंद्र शर्मा एवं ऋषभ शर्मा द्वारा किया गया। साथ ही कार्यक्रम के संचालन एवं व्यवस्थाओं में मंगलाराम एवं सुधीर शर्मा का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर कार्यक्रम में दयानंद ढूकिया, लालचन्द ढूकिया, मनवे जानू, सत्यदेव दड़िया, नरेन्द्र जांगिड़, अभिषेक तेतरवाल, जी.आर. सैनी, दिनेश कुलहरि, डॉ. मुकेश, विमला चौधरी, ममता शर्मा, मन्जू, अशोक कुलहरि, रमेश पूनियां, एडवोकेट मुस्ताक खां, अभिषेक ख्यालिया, चन्द्रशेखर, सावित्री सैनी, रोहिताश मीणा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने संकाय सदस्यों के साथ अपने शैक्षणिक एवं करियर संबंधी प्रश्नों का समाधान प्राप्त किया।

# अपना घर आश्रम में हुआ मानवता, प्रेम और परिवार के अद्भूत मिलन का भावुक दृश्य

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** जीवन राम प्रभु जी जो पिछले लगभग 15 वर्षों से मानसिक स्थिति अस्वस्थ होने के कारण कई बार घर से इधर-उधर निकल जाया करते थे, एक दिन घर से निकलने के बाद वापस अपने परिवार तक नहीं पहुँच पाए। इसके पश्चात उन्हें हिसार हाईवे, राजगढ़ क्षेत्र से रेस्क्यू कर सेवा भाव के साथ अपना घर आश्रम नोखा लाया गया। 10 नवम्बर 2025 को आश्रम में लाने के बाद प्रभुजी को समुचित चिकित्सा, भोजन, वस्त्र एवं हर प्रकार की आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध करवाई गईं। आश्रम परिवार ने उन्हें अपने ही सदस्य की तरह स्नेह एवं सेवा प्रदान की। कुछ समय पश्चात आश्रम द्वारा सोशल मीडिया पर साझा की गई एक इंस्टाग्राम रील प्रभुजी के पुत्र सचिन गुर्जर की नजर में आई। रील देखते ही पुत्र भावुक हो उठा और तुरंत अपना घर आश्रम नोखा से संपर्क कर कहा ये मेरे पिताजी हैं, मैं इन्हें लेने तुरंत आ रहा हूँ। इसके बाद प्रभु जी का पूरा परिवार धर्मपत्नी कमलेश देवी, पुत्र सचिन गुर्जर एवं भतीजा संजय गुर्जर तत्काल कोटपूतली से अपना घर आश्रम नोखा के लिए रवाना हो गए। जब परिवार ने वर्षों बाद अपने पिता एवं परिवार के मुखिया जीवन राम को सामने देखा तो सभी की आँखें नम हो उठीं। पुत्र ने अपने पिता को गले लगाया और वहाँ उपस्थित हर व्यक्ति की आँखों में प्रेम और संवेदनाओं की झंकार सुनाई देने लगी। यह दृश्य वास्तव में मानवता और सेवा का जीवंत उदाहरण बन गया। इस अवसर पर आश्रम के सचिव सतीश झंवर ने कहा अपना घर आश्रम केवल सेवा नहीं बल्कि बिछड़े हुए परिवारों को मिलाने का भी एक माध्यम बन रहा है। मानवता की राह पर किया गया प्रत्येक प्रयास किसी के जीवन में नई आशा और खुशियाँ लेकर आता है। आज का यह मिलन इस बात का प्रेरणादायक उदाहरण है कि सच्ची सेवा केवल भोजन और उपचार तक सीमित नहीं होती बल्कि किसी बिछड़े हुए व्यक्ति को उसके परिवार से मिलाना भी सबसे बड़ी मानव सेवा है। अपना घर आश्रम नोखा निरंतर मानवता की सेवा हेतु समर्पित है।

# एनएसयूआई राष्ट्रीय अध्यक्ष जाखड़ युवा उदय सम्मेलन को करेंगे संबोधित

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ सोमवार को राजधानी जयपुर के प्रवास पर रहेंगे। वह यहाँ आयोजित होने वाले प्रांतीय युवा उदय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ सोमवार दोपहर 12:40 बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। जहां संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके पश्चात वे दोपहर 1 बजे जयपुर के कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में आयोजित युवा उदय सम्मेलन में शामिल होंगे। इस सम्मेलन में प्रदेशभर के युवा और छात्र प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम के दौरान छात्र हितों, युवाओं के रोजगार और आगामी संगठनात्मक रणनीतियों को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद जाखड़ के इस जयपुर आगमन को लेकर स्थानीय कार्यकर्ताओं और छात्र नेताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रविवार को भी रूपरेखा तैयार की गई।

# मदर्स डे समारोह आयोजित



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** स्थानीय बचपन स्कूल में नर्सरी कक्षा के बच्चों की माताओं के साथ विशेष मदर्स डे सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी माताओं ने बड़े उत्साह और खुशी के साथ भाग लिया। माताओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि जब उन्होंने पहले दिन अपने बच्चों को स्कूल भेजा था, तब बच्चे रोते थे और स्कूल आने में झिझकते थे लेकिन आज वही बच्चे खुशी-खुशी स्कूल आते हैं और कक्षा में जाने की जिद करते हैं। यह बदलाव उनके लिए बेहद सुखद और गर्व की बात है। कई माताओं ने भावुक होकर कहा कि माँ बनने के बाद पहली बार उन्हें अपने बच्चों के साथ इस तरह का सुंदर और यादगार मदर्स डे सेलिब्रेशन अनुभव करने का अवसर मिला है। इस आयोजन ने उन्हें अपने बचपन की यादों के साथ-साथ अपने बच्चों के साथ नए और अनमोल पल जीने का अवसर दिया। कार्यक्रम के दौरान माताओं ने विभिन्न गेम्स में भाग लिया, खूब मनोरंजन किया तथा बच्चों के साथ मिलकर केक भी काटा। पूरे वातावरण में खुशी, अपनापन और उत्साह देखने को मिला। विद्यालय की प्राचार्या हर्षिता जैन ने सभी माताओं को मदर्स डे की शुभकामनाएँ देते हुए कहा श्माँ बच्चे की पहली गुरु होती है। बच्चों के जीवन में माँ का प्यार, संस्कार और मार्गदर्शन सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस सफल कार्यक्रम में स्वाति सोनी, दिव्या वर्मा एवं मनीषा और आरती मैम का विशेष योगदान रहा।

# पूर्व छात्र मिलन समारोह आयोजित



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आईआईईआरडी बीएड कॉलेज में भव्य पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न वर्षों के पूर्व छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर अपने पुराने दिनों की यादें ताज़ा की। इस समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अर्चना जैन ने सभी पूर्व विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि पूर्व छात्र किसी भी संस्था की अमूल्य धरोहर होते हैं तथा उनका अनुभव वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनता है। इस कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, मनोरंजक खेल, रैंप वॉक एवं अनुभव साझा करने के विशेष सत्र आयोजित किए गए। पूर्व विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में बिताए अपने अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में उत्कृष्ट उपलब्धियाँ प्राप्त करने वाले पूर्व छात्रों को सम्मानित भी किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों के लिए हाई टी एवं आपसी संवाद का विशेष आयोजन रखा गया, जिससे सभी ने पुराने साथियों एवं शिक्षकों से मिलकर आनंदपूर्ण समय व्यतीत किया।

# गुलाबी नगरी को चमकाने रातभर सड़कों पर रहा प्रशासन

## स्वच्छता की जंग में जुटे 2500 से अधिक कर्मचारी

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** गुलाबी नगरी जयपुर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से नगर निगम और जिला प्रशासन ने शनिवार-रविवार की मध्यरात्रि ऐतिहासिक रात्रिकालीन सफाई अभियान ऑपरेशन क्लीन स्वीप चलाया। रात करीब 11:30 बजे शुरू हुआ यह अभियान रविवार अलसुबह तक जारी रहा। जिसमें 2 हजार 500 से अधिक सफाईकर्मी, अधिकारी और निगम कर्मचारी परकोटा एवं हेरिटेज क्षेत्र की गलियों, बाजारों और प्रमुख सड़कों की सफाई में जुटे रहे। इस अभियान की सबसे खास तस्वीर तब देखने को मिली जब जयपुर कलेक्टर संदेश नायक और नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा खुद स्कूटी पर सवार होकर परकोटे की तंग गलियों और बाजारों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते नजर आए। दोनों अधिकारियों ने हेलमेट पहनकर रातभर विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया और मौके पर कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया। आयुक्त ओम कसेरा ने स्वयं कचरा उठाकर सफाई कार्य में भागीदारी निभाई, वहीं दोनों अधिकारियों ने सफाईकर्मियों को मिठाई खिलाकर उनका हौसला बढ़ाया। नगर निगम की अब तक की सबसे बड़ी रात्रिकालीन सफाई मुहिम के तहत शहर को 36 बीट्स में बांटा गया था। प्रत्येक बीट में अधिकारियों और कर्मचारियों की अलग-अलग जिम्मेदारी तय की गई। सफाई कार्य के लिए झाड़ू, हूपर, डंपर, हाथगाड़ी, फावड़ा, टॉर्च, गमबूट और विशेष नाइट जैकेट सहित जरूरी संसाधन उपलब्ध कराए गए। कलेक्टर संदेश नायक ने बताया कि अब तक रात्रि सफाई मुख्य सड़कों तक सीमित थी लेकिन पहली बार परकोटे की अंदरूनी गलियों और बाजारों में बड़े स्तर पर अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में सूरत शहर के स्वच्छता मॉडल का अध्ययन किया गया है और अब उसी तर्ज पर जयपुर में नाइट स्वीपिंग और बेहतर कचरा प्रबंधन व्यवस्था विकसित की जाएगी। उन्होंने कहा कि आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को देखते हुए प्रशासन का लक्ष्य जयपुर को देश के शीर्ष स्वच्छ शहरों में शामिल करना है। इसके लिए नागरिक सहभागिता और व्यवहार परिवर्तन पर विशेष फोकस किया जाएगा, ताकि लोग घर से ही कचरे का पृथक्करण करें और सड़क पर कचरा फेंकने से बचें। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा ने कहा कि दिन में भारी ट्रैफिक और भीड़ के कारण कई क्षेत्रों में प्रभावी सफाई संभव नहीं हो पाती इसलिए रात में विशेष अभियान चलाया गया। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि शहर को साफ रखना केवल निगम की नहीं बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। यदि कचरा संग्रहण वाहन समय पर नहीं पहुंचे तो लोग सड़क पर कचरा फेंकने के बजाय अगले दिन तक इंतजार करें। आयुक्त ने कहा कि स्वच्छता मैराथन, रंग दे गुलाबी और अब ऑपरेशन क्लीन स्वीप जैसे अभियानों के जरिए नगर निगम शहर को स्वच्छ और आकर्षक बनाने की दिशा में लगातार प्रयास कर रहा है। उन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता का श्लोक कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन उद्धृत करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य ईमानदारी से अपना कार्य करना है, परिणाम अपने आप बेहतर होंगे। इस अभियान के दौरान कई स्थानों पर कचरे के ढेर और कचरा पृथक्करण में कमियां भी सामने आई, जिस पर अधिकारियों ने मौके पर ही सुधार के निर्देश दिए। निगम प्रशासन का दावा है कि आने वाले दिनों में ऐसे रात्रिकालीन अभियान लगातार चलाए जाएंगे ताकि जयपुर स्वच्छता और सौंदर्यकरण के क्षेत्र में नई पहचान बना सके।

# द फोरम फॉर इंडिया इंटेलेक्चुअल ग्रोथ कार्यक्रम में अभिनेता नील नितिन मुकेश होंगे सेलिब्रिटी गेस्ट

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** देश और दुनिया की प्रतिभाओं को वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य से द फोरम फॉर इंडिया इंटेलेक्चुअल ग्रोथ 2026 के 41 वें संस्करण का भव्य आयोजन 30 मई को नई दिल्ली स्थित मैपल गोल्ड बैंक्वेट्स, रेडिसन ब्लू होटल पश्चिम विहार में किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन वन एक्स अकादमी की ओर से प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित आयोजन में बॉलीवुड अभिनेता नील नितिन मुकेश बतौर सेलिब्रिटी गेस्ट शिरकत करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। शो डायरेक्टर मोनिका ने बताया कि यह मंच उन प्रतिभाशाली व्यक्तियों को समर्पित है, जिन्हें अब तक उनकी उपलब्धियों के अनुरूप पहचान नहीं मिल सकी है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता नमो सेना मोदी एवं अखंड भारतीय राष्ट्रीय सेवा संघ के नेशनल वाइस प्रेसिडेंट डॉ बिजेन्द्र सिंह डी अहलावत करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में अनंतश्री विभूषित पीताम्बरा पशुपति पीठाधीश्वर विश्वगुरु डॉ गौरी शंकर महाराज उपस्थित रहेंगे। वहीं रेलवे मंत्रालय के चीफ इंजीनियरिंग एवं भारत सरकार के पूर्व संयुक्त निदेशक डॉ आलोक कुमार भार्गव भी विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से होगी। इसके बाद अतिथियों का सम्मान, प्रेरणादायी संबोधन, शपथ एवं साइटेशन वाचन, मानद उपाधियों का वितरण, फोटो सेशन का आयोजन किया जाएगा। वन एक्स अकादमी की डायरेक्टर मोनिका ने बताया कि यह आयोजन देश की बौद्धिक एवं प्रेरणादायी प्रतिभाओं को वैश्विक मंच प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम के लिए ड्रेस कोड कोट-पैंट-टाई अथवा प्रोफेशनल अटायर निर्धारित किया गया है। इस आयोजन में प्रॉपर्टी पार्टनर के रूप में वन एक्स प्रॉपर्टी के डायरेक्टर नितिन के अग्रवाल तथा हॉस्पिटैलिटी पार्टनर के रूप में सेवन सीज होटल सहयोगी भूमिका निभा रहे हैं।

# इंजेक्शन लगने के कुछ मिनट बाद मरीज की मौत

## डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप



निसं

**सरदारशहर (नवयत्न)।** सरदारशहर में राजकीय उपजिला अस्पताल के एक डॉक्टर के सरकारी आवास पर इलाज के दौरान मरीज की मौत होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद परिजनों ने डॉक्टर पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। वहीं मृतक के परिजनों का कहना है कि उन पर अब समझौते का दबाव बनाया जा रहा है। मामले के बाद अस्पताल और डॉक्टर के सरकारी आवास के बाहर लोगों की भीड़ जुट गई तथा माहौल तनावपूर्ण हो गया। जानकारी के अनुसार रायपुरिया निवासी करीब 60 वर्षीय रामलाल नाई सांस की बीमारी से पीड़ित थे। परिजन उन्हें इलाज के लिए सरदारशहर लेकर आए और राजकीय उपजिला अस्पताल के डॉक्टर चंदन मोठसरा को उनके सरकारी आवास पर दिखाया। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने कुछ जरूरी जांच लिखी और वहां मौजूद एक युवक को मरीज को इंजेक्शन लगाने के लिए कहा। आरोप है कि युवक द्वारा इंजेक्शन लगाए जाने के तुरंत बाद रामलाल की तबीयत बिगड़ गई और उनकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार घटना के बाद डॉक्टर ने उन्हें तुरंत मरीज को राजकीय उपजिला अस्पताल की इमरजेंसी में ले जाने के लिए कहा और बताया कि वहां ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध नहीं है। परिजन मरीज को इमरजेंसी वार्ड लेकर पहुंचे और डॉक्टर को फोन किया लेकिन डॉक्टर काफी देर तक नहीं पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि कई बार फोन करने के बाद डॉक्टर अस्पताल पहुंचे और मरीज को मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने डॉक्टर से देरी से आने का कारण पूछा तो डॉक्टर ने कथित रूप से कहा कि अब कुछ नहीं हो सकता, जहां जाना है चले जाओ। घटना के बाद परिजनों ने शव को राजकीय उपजिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। सूचना मिलने पर एसआई ओमप्रकाश यादव पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। वहीं राजकीय उपजिला अस्पताल के प्रभारी डॉ चंद्रभान जांगिड़ ने बताया कि सरकारी आवास पर इलाज के दौरान इंजेक्शन लगने के बाद मरीज की मौत हुई है। एसआई ओमप्रकाश यादव ने बताया कि परिजनों से समझाइश की जा रही है। परिजनों का कहना है कि उनके अन्य रिश्तेदार भी पहुंच रहे हैं, जिसके बाद आगे की कार्रवाई को लेकर निर्णय लिया जाएगा। घटना के बाद कई सवाल खड़े हो रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या कोई सरकारी डॉक्टर अपने सरकारी आवास पर इस प्रकार मरीजों का इलाज कर सकता है। वहीं जिस युवक ने मरीज को इंजेक्शन लगाया, उसकी पहचान और योग्यता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। साथ ही इंजेक्शन सही मात्रा और सही तरीके से लगाया गया या नहीं, यह भी जांच का विषय बना हुआ है। फिलहाल मामले को लेकर परिजनों में आक्रोश है और पुलिस पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है।

# ऑपरेशन नीलकंठ के तहत चार तस्कर गिरफ्तार

निसं

**नोखा (नवयत्न)।** नोखा पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 265 ग्राम स्मैक, नकदी और दो लग्जरी गाड़ियां जब्त करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई बीकानेर जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन नीलकंठ के तहत की गई। नोखा थानाधिकारी अरविंद भारद्वाज के नेतृत्व में एक पुलिस टीम ने जोरावरपुरा क्षेत्र स्थित एक मकान पर दबिश दी। पुलिस को लंबे समय से यहां मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त की सूचना मिल रही थी।

### चार युवकों को हिरासत में लिया

योजनाबद्ध तरीके से की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने मौके से चार युवकों को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान 265 ग्राम स्मैक बरामद की गई। इसके साथ ही, मादक पदार्थ बेचकर जुटाए गए 1 लाख 60 हजार रुपये नकद, स्मैक तौलने के उपकरण और दो स्कॉर्पियो गाड़ियां भी जब्त की गईं। बरामद स्मैक की बाजार कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मनोज खीचड़, कृष्ण, शेर सिंह और शीशपाल के रूप में हुई है। पुलिस सभी आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है।

### नेटवर्क खंगालने में जुटी पुलिस

पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि बरामद स्मैक कहां से लाई गई थी और किन-किन क्षेत्रों में इसकी सप्लाई की जा रही थी। आरोपियों के मोबाइल फोन और संपर्कों की भी जांच की जा रही है ताकि पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके।

इस कार्रवाई में सब इंस्पेक्टर तनसुख राम, रामेश्वर लाल, रामेश्वर और सतीश सहित पुलिस टीम के अन्य जवान भी शामिल रहे। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में मादक पदार्थ तस्करों में हड़कंप मच गया है।

# रोडवेज बस से मिला डोडा पोस्त चूरा

निसं

**नोखा (नवयत्न)।** बीकानेर पुलिस ने ऑपरेशन नीलकंठ के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक रोडवेज बस से 6 किलो 705 ग्राम अवैध डोडा पोस्त चूरा जब्त किया है। यह कार्रवाई नोखा पुलिस थाना क्षेत्र में की गई, जहां एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है।

### कंडक्टर ने दी पुलिस को सूचना

थानाधिकारी अरविंद भारद्वाज ने बताया-पुलिस को राजस्थान पथ परिवहन निगम की विद्याधर नगर डिपो की बस के कंडक्टर श्रवण प्रजापत और चालक जगदीश सिंह ने सूचना दी थी। उन्होंने बताया कि बस में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मादक पदार्थ डोडा पोस्त चूरा रखा गया है।

### बस की तलाशी में मिली 6.705 ग्राम डोडा पोस्त

सूचना मिलने पर उप निरीक्षक तनसुखराम के नेतृत्व में एक टीम ने रोडवेज बस की तलाशी ली और 6 किलो 705 ग्राम डोडा पोस्त चूरा बरामद किया। पुलिस ने तत्काल एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया।

### तलाश में जुटी पुलिस

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बनवारी लाल आरपीएस और वृत्ताधिकारी नोखा जरनैल सिंह आरपीएस के निकट पर्यवेक्षण में थानाधिकारी अरविंद कुमार भारद्वाज के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। बस में डोडा पोस्त रखने वाले अज्ञात व्यक्ति को पकड़ने के लिए पुलिस टीम गठित कर तलाश जारी है।

# चौधरी कुम्भाराम आर्य की जयंती मनाई

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर (नवयत्न)।** चौधरी कुम्भाराम आर्य की 112वीं जयंती प्रधानजी का जाव, सीकर में बड़े ही श्रद्धा, उत्साह एवं किसान एकता के संदेश के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय किसान यूनियन टिकैत एवं चौधरी चरण सिंह विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसानों, युवाओं एवं ग्रामीण समाज के लोगों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने चौधरी कुम्भाराम आर्य के किसान हितों के लिए किए गए संघर्ष, सामाजिक चेतना एवं ग्रामीण विकास में उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन किसानों, मजदूरों और गरीब वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित किया। उनके विचार आज भी किसानों और युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। इस अवसर पर स्वागत भाषण रामचंद्र सुंडा ने दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चाचा पूर्णमल सूंडा ने करते हुए कहा कि चौधरी कुम्भाराम आर्य ने राजस्थान के किसानों को नई दिशा देने का कार्य किया तथा उनके सिद्धांतों पर चलकर ही किसान समाज मजबूत बन सकता है। भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष नरेन्द्र धायल ने अपने संबोधन में कहा कि जब तक हमारे घरों के बच्चे और युवा ऐसे सामाजिक एवं किसान जागरण कार्यक्रमों में शामिल नहीं होंगे, तब तक समाज पूर्ण रूप से जागरूक नहीं हो पाएगा। उन्होंने सभी किसानों एवं अभिभावकों से आह्वान किया कि जब भी किसी अवकाश अथवा छुट्टी के दिन समाज और किसान हित से जुड़े कार्यक्रम आयोजित हो, तब अपने बच्चों को भी साथ लेकर आएं ताकि नई पीढ़ी को किसान नेताओं के संघर्ष, इतिहास एवं समाज सेवा की जानकारी मिल सके और उनमें सामाजिक चेतना का विकास हो। भंवरलाल बिजारनिया ने चौधरी कुम्भाराम आर्य द्वारा किसानों, ग्रामीण क्षेत्रों और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए किए गए कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज जरूरत इस बात की है कि प्रदेशभर के किसानों को एकजुट कर उनके अधिकारों एवं संगठन की शक्ति के प्रति जागरूक किया जाए। डॉ अशोक धायल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सभी लोगों को एकजुट होकर चौधरी कुम्भाराम आर्य के विचारों एवं विकास कार्यों को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य करना चाहिए, ताकि युवा पीढ़ी उनके संघर्ष और किसान हितैषी सोच से प्रेरणा ले सके। कार्यक्रम में उपस्थित सभी किसानों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में प्रदेश के किसानों को जागरूक करने, संगठन को मजबूत बनाने एवं किसान हितों की आवाज को बुलंद करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिवदयाल सिंह मील, डॉ अशोक कुमार, राजेंद्र बीरढा, रामचंद्र सुंडा, जगदीश दानोदिया, कर्नल जगदेव सिंह, हरलाल सिंह मील, ओमप्रकाश सोनी, बनवारीलाल गढ़वाल, चोखाराम बुरड़क, प्रधान लक्ष्मणगढ़, मोहम्मद सदीक, अमरचंद गढ़वाल, तोलाराम कलवानिया, उर्मेद्र सिंह, पोखरमल रुहेला, हनुमान सिंह पचार, अरविंद मील, मनीष मंगवा, हनुमान, भंवरलाल भास्कर, हरफूल सिंह खीचड़, भागीरथ सिंह सुंडा, मुकुंद सिंह, सेवाराम, भंवरलाल बिजारनिया, रिछपाल सिंह, राजेंद्र मील, हरफूल बुरड़क, कुलदीप सूंडा, राम मास्टर, सोहनलाल मंद, शीशपाल सिंह, किशन सिंह, डॉ बीएल मील, नरेन्द्र धायल, डॉ उधम सिंह सहित अनेक किसान एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने चौधरी कुम्भाराम आर्य के बताए मार्ग पर चलकर किसान, मजदूर एवं ग्रामीण समाज की आवाज को मजबूती देने का संकल्प लिया।

# एएसपी सतपालसिंह ने संभाला कार्यभार



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** सुजानगढ़ के नए एएसपी सतपालसिंह ने अपने पर का कार्यभार संभाल लिया है। एएसपी कार्यालय पहुंचकर सतपालसिंह ने ज्वाईन किया। इस अवसर पर एएसपी सतपालसिंह ने कहा कि अपराध व नशे पर अंकुश लगाना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी।

उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सर्किल में बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था के लिए हम जनता से प्रतिबद्धता जाहिर करते हैं। साथ ही महिलाओं, बच्चों के खिलाफ बढ़ रहे अपराधों, साइबर अपराधों से निपटने को लेकर प्राथमिकता दी जाएगी।

# शुभम गुप्ता को मिला बेस्ट आर्किटेक्चर और इंटीरियर का अवार्ड



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** बेटी फाउंडेशन क्लब की ओर से राज आंगन रिसॉर्ट में आयोजित इंडियन प्राइड आइकन अवॉर्ड 2026 से ड्रीम हाउस आर्किटेक्चर स्टूडियो के फाउंडर शुभम गुप्ता को नवाजा गया। उन्हें समारोह में बेस्ट आर्किटेक्चर और इंटीरियर केटेगरी में सम्मानित किया गया। साथ ही भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में उत्कर्ष कार्य करने वाले 11 संस्थान को इंडियन प्राईड आईकॉन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया, जिनमें राजेश सैनी, डायरेक्टर जयपुर ग्रीन डेवलपर्ए मुकेश सैनी, डायरेक्टर राज आंगन रिजॉर्ट, आशीष सिंह, डायरेक्टर कॉफी डोज, अकबर खान, अध्यक्ष रेल लाओ संघर्ष समिति टोंक, आशीष विजय, आशीष ज्वेलर्स डायरेक्टर, तनुराग, डायरेक्टर तनुराग ट्रेडर्स, मोहम्मद आसिफ डायरेक्टर, ई20 वेडिंग प्लानर कंपनी, शुभम खंडेलवाल, आर्टिस्ट और एंकर एवं तपेश जांगिड़, श्री डेकोर इवेंट और कैटर्स, भावेश अरोरा डायरेक्टर उप सरपंच चाय और रामनिवास चौधरी डायरेक्टर बरोसिस इन्फोटेक शामिल रहे।

# ट्रस्ट व बिड़ला परिवार को बुगाला गौशाला से जोड़ने हेतु बागेश्वर धाम की पदयात्रा शुरू

निसं

**बुगाला (नवयत्न)।** पं गणेश नारायण सुरभि गौशाला को मुंबई ट्रस्ट व देश के प्रमुख उद्योगपति एवं समाजसेवी बिड़ला परिवार से जोड़ने के उद्देश्य से गौभक्तों ने बागेश्वर धाम के लिए पदयात्रा शुरू की। पदयात्रा रवाना होने से पहले गोशाला परिसर स्थित दो जांटी बालाजी मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। गोशाला अध्यक्ष हीरानन्द बुगालिया ने बताया कि बागेश्वर धाम में बड़ी संख्या में देशभर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। वहां बिड़ला परिवार सहित कई बड़े उद्योगपतियों और दानदाताओं का भी आगमन होता रहता है। इसी उद्देश्य को लेकर गौभक्त विजयपाल सिंह व रवि शर्मा पदयात्रा पर निकले हैं ताकि बुगाला गोशाला की सेवा गतिविधियों की जानकारी देशभर के



समाजसेवियों तक पहुंचाई जा सके और गोशाला को सहयोग मिल सके। पदयात्रा में शामिल गौभक्तों ने कहा कि यह गोशाला लगातार निराश्रित गौवंश की सेवा कर रही है। गौसेवा के साथ पशुओं के चारे-पानी, चिकित्सा और अन्य व्यवस्थाओं पर लगातार कार्य किया जा रहा है। अब इसको और अधिक सशक्त बनाने तथा स्थायी सहयोग जुटाने के लिए यह विशेष प्रयास किया जा रहा है। यात्रा के दौरान गौभक्त रास्ते में विभिन्न स्थानों पर लोगों को गौसेवा के लिए प्रेरित भी करेंगे। पदयात्रा को लेकर क्षेत्र के लोगों में उत्साह दिखाई दिया। रवाना होने से पहले ग्रामीणों और गोभक्तों ने यात्रियों को शुभकामनाएं दीं। गोशाला पदाधिकारियों ने बताया कि पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य सनातन संस्कृति व गौसेवा का संदेश जन-जन तक पहुंचाना और गोशाला को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस यात्रा से गोशाला को नए सहयोगी मिलेंगे और गौसेवा कार्यों को और गति मिलेगी।

# रक्तदान शिविर आयोजित



निसं

**रींगस (नवयत्न)।** कस्बे के जेडी अस्पताल में रविवार को लोगों ने उत्साह के साथ रक्तदान किया। रक्तदान के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। आमजनों के सहयोग से 150 यूनिट रक्त का संग्रहण हुआ। डॉ आरएस जाखड़ व दीपक कुमावत ने बताया कि गोठी देवी की रविवार को प्रथम पुण्यतिथि थी। इस पर अपनी माताजी की प्रथम पुण्यतिथि को देखते हुए विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन जेडी अस्पताल में किया गया। रक्तदान के लिए आस पास के गांवों के भी लोग पहुंचे। रक्तदान को लेकर युवाओ में उत्साह व जोश देखा गया। सुबह नौ बजे से तीन बजे तक रक्तदान शिविर लगाया गया। इस दौरान लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस दौरान 150 युनिट रक्तदान हुआ। इस मौके पर मदन लाल जाखड़, बाबू लाल कुमावत, प्रभूदयाल कुमावत, राजू कुमावत, महेश जाखड़, बलराम जाखड़, नीतेश कुमावत सहित अनेक चिकित्सक व ब्लड बैंक के कर्मी मौजूद थे।

# बचपन प्ले स्कूल में धूमधाम से मनाया मदर्स डे

निसं



**सरदारशहर (नवयत्न)।** कस्बे के महिला मंडल गेस्ट हाउस के पास स्थित बचपन प्ले स्कूल में मदर्स डे का आयोजन बड़े ही धूमधाम, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ उनकी माताओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। स्कूल परिसर को आकर्षक सजावट, रंग-बिरंगे गुब्बारों और विशेष थीम डेकोरेशन से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय नजर आया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके बाद बच्चों ने स्वागत गीत, डांस, कविता एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी माताओं के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त किया। बच्चों की मासूम अदाओं और शानदार प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया। मदर्स डे के इस विशेष अवसर पर स्कूल प्रबंधन द्वारा विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। म्यूजिकल गेम, डांस एक्टिविटी और टैलेंट राउंड जैसी प्रतियोगिताओं ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। विजेता माताओं को स्कूल परिवार की ओर से सम्मानित भी किया गया। स्कूल के डायरेक्टर राम जांगिड़ ने कहा कि मां बच्चे की पहली गुरु होती है और बच्चों के जीवन में मां का योगदान अतुलनीय होता है। ऐसे आयोजनों का उद्देश्य बच्चों और अभिभावकों के बीच प्रेम, सम्मान और आत्मीयता को और मजबूत बनाना है।

कार्यक्रम के दौरान माताओं ने भी स्कूल द्वारा किए गए आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ परिवार और स्कूल के बीच बेहतर संबंध स्थापित करते हैं। पूरे कार्यक्रम के दौरान बच्चों और माताओं में खासा उत्साह देखने को मिला तथा कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। इस अवसर पर बचपन प्ले स्कूल के डायरेक्टर राम जांगिड़, बेबी शर्मा, भारती डागा, नेहा शर्मा, निक्की शर्मा, कविता सैनी, स्नेहा लोढ़ा सहित विद्यालय के स्टाफ और नन्हे मुन्ने बच्चे उनकी माताएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का सफल संचालन बेबी शर्मा और स्नेहा लोढा ने किया।

# सामाजिक संस्था एफर्ट्स में छात्रवृति हेतु आवेदन शुरू



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू (नवयत्न)।** एफर्ट्स झुंझुनू जिले के उन प्रतिभावान बच्चों के लिए कार्य कर रही है जो आर्थिक तंगी के कारण प्रतिभावान होते हुए भी 12 वीं कक्षा के बाद अपने सपनों को पूरा नहीं कर पाते हैं। क्योंकि उनके पास कोचिंग के लिए पैसों का और मोटिवेशन का अभाव होता है।

अंबेडकर भवन झुंझुनू में कोर कमेटी सदस्यों एवं सब कोर कमेटी सदस्यों ने बैठक की। कोर कमेटी सदस्यों ने बताया कि आज से अनुसूचित जाति के बच्चों से ऑफलाइन व ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। बच्चे एफर्ट्स की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं तथा अंबेडकर भवन झुंझुनू से ऑफलाइन आवेदन पत्र लेकर पूर्ण रूप से भरकर वहीं जमा करवा सकते हैं। जो बच्चे एफर्ट्स के नियमों के दायरे में आते हैं उनके लिए एफर्ट्स ने 31 मई तक आवेदन आमंत्रित किए। झुंझुनू जिले के अनुसूचित जाति के जो भी बच्चे 12वीं या कॉलेज के बाद नीट, आईआईटी या अन्य प्रतियोगिकी परीक्षाएं जैसे यूपीएससी, व्याख्याता, पटवारी, ग्रामसेवक, शिक्षक, पुलिस सहित किसी भी कंपटीशन एग्जाम के लिए कोचिंग करना चाहते हैं वे आवेदन कर सकते हैं। कक्षा 12 कला, वाणिज्य संकाय में 85 प्रतिशत व विज्ञान, कृषि संकाय में 90 प्रतिशत अंक तथा विकलांग, विधवा, परित्यकता या विशेष बच्चों के लिए 80 प्रतिशत की बाध्यता रखी गई है। यूपीएससी, आरएएस-प्री एवं मेन्स पास करने वाले बच्चों को आगे की तैयारी हेतु अधिकतम दो लाख रुपए तक की मदद की जाएगी। नीट, आईआईटी, यूपीएससी के माध्यम से एवं आरएएस की तैयारी करने वाले बच्चों को तीस-तीस हजार रुपए की स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। इनके अलावा तैयारी करने वाले बच्चों को पंद्रह हजार रुपए तक की स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई तय की गई है। एफर्ट्स झुंझुनू की पहली संस्था है जो समाज के अनुसूचित जाति के आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान बच्चों को स्कॉलरशिप उपलब्ध करवाती है। संस्था 14 जून को अंबेडकर भवन झुंझुनू में चेक वितरण का कार्यक्रम करेगी। स्कॉलरशिप हेतु चयन बच्चों की आर्थिक स्थिति, योग्यता एवं मैरिट के आधार पर किया जाएगा। इस दौरान ओमप्रकाश भूरिया, डॉक्टर राकेश माहीच, इंद्राज सिंह भूरिया, महेश जसरापुर, जितेंद्र गर्वा, नरेंद्र कहडायला, सीताराम बास बुडाना ने उपस्थित होकर एफर्ट्स संस्था के हित में आवेदन करने की प्रक्रिया प्रारंभ की।

# डॉ जुल्फिकार ने विधानसभा अध्यक्ष को भेंट की पुस्तकें व फोटो

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू (नवयत्न)।** देश-विदेश में शोधकार्य कर स्वामी विवेकानंद पर पीएचडी करने और उनके विचारों का प्रचार-प्रसार करने का बीड़ा उठाने वाले जिले के भीमसर गांव के युवा लेखक व चिन्तक डॉ जुल्फिकार ने जयपुर में राजस्थान विधानसभा के वर्तमान अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को अपनी 2 पुस्तकें रामकृष्ण मठ एवं रामकृष्ण मिशन, स्वामी विवेकानंद चिन्तन एवं रामकृष्ण मिशन खेतड़ी भेंट की। साथ ही रामकृष्ण मिशन खेतड़ी सहित स्वामी विवेकानंद के पद-स्पर्श से पवित्र हुए स्थान अलवर, जयपुर, किशनगढ़, अजमेर, माउंट आबू, खेतड़ी-झुंझुनू व जोधपुर आदि उन स्थानों का मानचित्र भी भेंट किया जहां राजस्थान में 316 दिन की प्रवास यात्राओं के दौरान स्वामीजी गए थे। इस अवसर पर 16वीं राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि यह बिल्कुल सत्य है कि स्वामी विवेकानंदजी का राजस्थान की



वीर भूमि और यहां के वीर सपूतों के प्रति विशेष प्रेम और सम्मान था। उन्होंने राजस्थान को त्याग, वीरता और स्वाभिमान की भूमि माना। स्वामी विवेकानंद ने अपने जीवनकाल में लिखे 312 पत्रों में से 125 पत्र राजस्थान के लोगों को लिखे, जो यहां के लोगों के प्रति उनके विशेष प्रेम को दर्शाता है। इस अवसर पर डॉ जुल्फिकार ने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को बताया कि राष्ट्रीय युवा दिवस 2020 से शुरू किया गया विवेकानंद कैलेंडर अभियान अब तक 7 वर्षों में 80 हजार कैलेंडर निःशुल्क वितरित कर चुके हैं और आगामी लक्ष्य एक लाख युवाओं तक स्वामी विवेकानंद के विचारों को पहुंचाना है।

# एकमासीय अखण्ड रामधुन 17 मई से



निसं

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** श्री नलापति बालाजी धाम दांता में एकमासीय अखण्ड रामधुन का आयोजन 17 मई से 22 जून 2026 तक किया जाएगा। जानकारी देते हुए पुजारी उमाशंकर शर्मा ने बताया कि यह आठवीं रामधुन है जिसमें साधु संतों के सानिध्य में 17 मई रविवार को प्रातः सवा 7 बजे सीतारामजी मंदिर से नलापति बालाजी धाम तक कलश यात्रा निकाली जाएगी तथा इसी दिन सुबह सवा 11 बजे से दीप प्रज्वलन के साथ एक माह की अखण्ड रामधुन प्रारंभ होगी। वहीं प्रत्येक शनिवार को शाम सवा 8 से रामभरोसे सुंदरकांड मंडल दांता द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ होंगे। रामधुन के अंतिम चार दिवस में बालाजी का अभिषेक, श्रीराम मारुति महायज्ञ तथा 20 जून को विशाल भजन संध्या व विशाल शोभायात्रा एवं 21 जून को श्रीराम दरबार अभिषेक एवं बालाजी का रुद्राभिषेक व महायज्ञ होगा। 22 जून को श्रीराम दरबार प्राण प्रतिष्ठा तथा विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। भक्तों ने बताया कि इस एक माह के धार्मिक आयोजन में दांता एवं आसपास के गांवों के श्रद्धालु व कई प्रवासी अपनी सेवाएं यहां पर देते है। पोस्टर विमोचन के दौरान दांता के गणमान्यजन सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# चौपड़ा शहर भाजपा उपाध्यक्ष नियुक्त किया

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** भारतीय जनता पार्टी नोखा शहर में संगठन विस्तार के तहत सक्रिय समाजसेवी एवं युवा नेतृत्वकर्ता निर्मल कुमार चोपड़ा को भाजपा नोखा शहर का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम सुंदर पंचारिया के निर्देशानुसार की गई, जिसकी घोषणा मंडल अध्यक्ष गंगाराम पारीक द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में की गई। निर्मल कुमार चोपड़ा वर्तमान में तेरापंथ युवक परिषद नोखा के अध्यक्ष पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं तथा वे सामाजिक, धार्मिक एवं जनहित से जुड़ी अनेक संस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। सामाजिक क्षेत्र में उनकी सक्रियता, संगठन क्षमता एवं जनसेवा को देखते हुए पार्टी ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति के बाद भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल बिश्नोई, बीकानेर देहात अध्यक्ष महेश झंवर, मंडल अध्यक्ष गंगाराम पारीक सहित अनेक भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने चोपड़ा को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सभी ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व एवं सक्रिय कार्यशैली से संगठन को नई ऊर्जा एवं मजबूती मिलेगी।

# भामाशाह द्वारा बनवाए गए मां सरस्वती मंदिर का हुआ उद्घाटन



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड क्षेत्र के दलोता गांव स्थित राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत स्कूल में भामाशाह द्वारा निर्मित मां सरस्वती मंदिर, प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा, जिना एवं बरामदे का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंजीनियर धर्मपाल गुर्जर थे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट गजानंद यादव ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर सरस्वती मंदिर का उद्धघाटन किया। कार्यक्रम में विधायक इंजीनियर धर्मपाल गुर्जर ने कहा कि विद्यालय परिसर में मां सरस्वती मंदिर का निर्माण अत्यंत सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ विद्यार्थियों में अच्छे संस्कार होना भी बेहद जरूरी है। केवल अंक लाना ही शिक्षा का उद्देश्य नहीं होना चाहिए बल्कि विद्यार्थियों को संस्कारवान और जिम्मेदार नागरिक बनाना भी आवश्यक है। विधायक ने अध्यापकों से भी विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों से जोड़ने का आह्वान किया। इस दौरान विधायक ने विद्यालय के खेल मैदान एवं श्मशान भूमि की चारदीवारी निर्माण की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक एवं खेल वातावरण उपलब्ध करवाने के लिए आवश्यक विकास कार्य करवाए जाएंगे। विद्यालय प्रधानाचार्य नरोत्तम जागिड़ ने भामाशाह शिवताज यादव पीटीआई एवं उनके परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय को आगे भी इसी प्रकार समाजसेवियों और भामाशाहों का सहयोग मिलता रहा तो शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों का भी धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन रवि शंकर शर्मा ने किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ, ग्रामीणों सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली का टायर फटने से लोहे का कवर सिर में लगने से युवक की मौत

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सांगानेर सदर थाना इलाके में रविवार सुबह अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली का टायर फटने से एक्सल पर लगा लोहे का कवर उखड़कर करीब 10 फीट दूर जा रहे युवक के सिर में जा लगा। इस हादसे में युवक का सिर फट गया और उसकी मौके पर ही हालत गंभीर हो गई। हादसे के बाद लहूलुहान होकर सड़क पर गिरे आसपास मौजूद लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थानाधिकारी अनिल जैमन ने बताया कि हादसा वाटिका सिटी क्षेत्र में रविवार सुबह 8 बजे हुआ। जहां विनोदी लालपुरा सांगानेर सदर निवासी रोहित धानका वाटिका बस स्टैंड से पैदल जा रहा था। इसी दौरान वाटिका से रिंग रोड की ओर जा रही अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली का अचानक टायर फट गया। तेज धमाके के साथ एक्सल पर लगा लोहे का कवर उखड़कर हवा में उछला और रोहित के सिर में जा लगा। इस हादसे के बाद रोहित लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा। आसपास मौजूद लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हेड कांस्टेबल राम सिंह ने बताया कि हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का राज्य स्तरीय आयोजन आज

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** सोमनाथ मंदिर पर हुए प्रथम आक्रमण के 1000 वर्ष तथा मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कला एवं संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार सोमवार को देशव्यापी स्तर पर सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया जाएगा। देवस्थान विभाग के आयुक्त लक्ष्मी नारायण मंत्री ने बताया कि सोमवार को प्रातः सोमनाथ मंदिर, गुजरात में माननीय प्रधानमंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित हो रहे राष्ट्रीय कार्यक्रम सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का सीधा प्रसारण किया जाएगा। आयुक्त देवस्थान विभाग लक्ष्मी नारायण मंत्री ने बताया कि कला एवं संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार और कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, राजस्थान सरकार तथा देवस्थान विभाग, राजस्थान सरकार के संयुक्त तत्वावधान में उक्तानुसार 11 मई सोमवार को श्री झारखंड महादेव मंदिर, जयपुर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही प्रदेश के 41 जिलों के प्रमुख शिवालयों में भी विशेष आयोजन होंगे। आयुक्त देवस्थान विभाग ने बताया कि श्री झारखंड महादेव मंदिरए जयपुर में सोमवार को प्रातः सांस्कृतिक प्रस्तुति का आयोजन होगा जिसमें शिव स्तुति एवं भजन गायन से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के का आगमन पर उनका स्वागत किया जाएगा। माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा उक्त राज्य स्तरीय कार्यक्रम में श्रद्धालुओं को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान कलश यात्रा निकाली जाएगी। भगवान शिव के विशेष दर्शन, श्रृंगार एवं पूजा-अर्चना की जाएगी। कार्यक्रम पश्चात सामूहिक महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। कला एवं संस्कृति विभाग की शासन सचिव शुचि त्यागी ने बताया कि संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार देवस्थान विभाग तथा कला, साहित्य, संस्कृति विभाग, राजस्थान सरकार सोमनाथ मंदिर के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक महत्व को जन-जन तक पहुँचाने के लिए सोमनाथ स्वाभिमान पर्व को गरिमामय एवं सफल रूप से आयोजित करने हेतु जिला प्रशासन के सहयोग उक्त कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए रविवार को श्री झारखण्ड महादेव मंदिर परिसर में देवस्थान विभाग के आयुक्त लक्ष्मी नारायण मंत्री एवं जयपुर जिला कलेक्टर सन्देश नायक, उक्त कार्यक्रम की राज्य नोडल अधिकारी एवं उप शासन सचिवए कला एवं संस्कृति विभाग अनुराधा गोगिया, अतिरिक्त आयुक्त देवस्थान विभाग गीतेश मालवीय, सहायक आयुक्त देवस्थान जयपुर प्रथम रतन लाल योगी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर जयपुर चतुर्थ आशीष कुमार एवं राखी राठौड़, मंदिर सचिव प्रकाश सोमानी की उपस्थिति में उक्त आयोजन के लिए तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक पश्चात आयुक्त देवस्थान विभाग, राजस्थान सरकार श्री लक्ष्मी नारायण मंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि राज्य के 41 जिलों में 11 मई सोमवार को निकटतम शिवालय में आयोजित हो रहे उक्त कार्यक्रम में सहभागी बनकर इस ऐतिहासिक पर्व के साक्षी बनें। उन्होंने कहा कि जयपुर में 11 मई सोमवार को श्री झारखण्ड महादेव मंदिर परिसर में आयोजित हो राज्यस्तरीय कार्यक्रम में के दौरान विशेष व्यवस्था की गई है जिसमें श्री झारखण्ड महादेव मंदिर में गेट नम्बर-2 से दर्शनार्थियों के लिए दर्शन के लिए आवागमन की व्यवस्था की गई है। जयपुर जिला कलेक्टर सन्देश नायक ने बताया कि कला एवं संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार और कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, राजस्थान सरकार तथा देवस्थान विभाग, राजस्थान सरकार एवं जिला प्रशासन, जयपुर के समन्वय से 11 मई सोमवार को श्री झारखंड महादेव मंदिर, जयपुर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा।

इस के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# प्राध्यापक भर्ती-2022 पेपर लीक मामला

## आरपीएससी के पूर्व सदस्य कटारा सहित तीन गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान में भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक और नकल माफिया के खिलाफ चल रही कार्रवाई के तहत स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप एसओजी ने वर्ष 2022 की प्राध्यापक स्कूल व्याख्याता कृषि विज्ञान भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में बड़ा खुलासा किया है। एसओजी ने राजस्थान लोक सेवा आयोग आरपीएससी के पूर्व सदस्य बाबूलाल कटारा, उसके भांजे विजय डामोर और पेपर माफिया अनिल उर्फशेर सिंह मीणा को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि मामले की जांच की शुरुआत स्कूल व्याख्याता कृषि अनिता चौधरी के खिलाफ दर्ज प्रकरण से हुई थी। जांच में सामने आया कि उसने ओपीजेएस विश्वविद्यालयए चूरू से बैक डेट की फर्जी मार्कशीट के आधार पर नौकरी हासिल की थी। अनिता के फरार होने के बाद आईजी अजय लांबा, डीआईजी परिस देशमुख और एसपी कुंदन कंवरिया की टीम ने तकनीकी विश्लेषण के जरिए जांच आगे बढ़ाई, जिसमें चौमूं निवासी अशोक कुमार यादव का नाम सामने आया। अशोक यादव वर्तमान में सीकर के दिवराला स्कूल में व्याख्याता पद पर कार्यरत है। जांच में पता चला कि उसने भी ओपीजेएस यूनिवर्सिटी से बैक डेट में फर्जी बीएड और एमएससी डिग्रियां बनवाई थीं। परीक्षा परिणाम के विश्लेषण में सामने आया कि सामान्य ज्ञान के प्रथम प्रश्न पत्र में उसने 150 में से केवल 68 अंक प्राप्त किए, जबकि कृषि विज्ञान के द्वितीय प्रश्न पत्र में 300 में से 239 अंक हासिल कर मेरिट में तीसरा स्थान प्राप्त किया। एसओजी की पूछताछ में अशोक यादव ने स्वीकार किया कि उसने पेपर माफिया शेर सिंह मीणा के गुर्गे विनोद रेवाड़ से सात लाख रुपए में सॉल्व्ड पेपर खरीदा था। परीक्षा से एक दिन पहले 10 अक्टूबर 2022 को उसे पूरा पेपर रटवाया गया था। जांच में सामने आया कि कृषि विज्ञान का प्रश्न पत्र तैयार करने की जिम्मेदारी तत्कालीन आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा के पास थी। कटारा प्रश्न पत्र को अपने सरकारी आवास पर ले गया, जहां उसके भांजे विजय डामोर ने पूरे पेपर को हाथ से रजिस्टर में उतारा। बाद में यह हस्तलिखित पेपर अनिल उर्फ शेर सिंह मीणा को सौंप दिया गया। शेर सिंह ने इसे आगे विनोद रेवाड़ए भूपेंद्र सारण और सुरेश ढाका के जरिए अभ्यर्थियों तक पहुंचाकर मोटी रकम वसूली। एसओजी जांच में यह भी सामने आया कि बाबूलाल कटारा ने अपने भांजे विजय डामोर के लिए भूगोल और सामान्य ज्ञान का पेपर उपलब्ध कराने की शर्त पर शेर सिंह से सौदा किया था। शेर सिंह ने परीक्षा से पहले विजय के मोबाइल पर लीक पेपर भेज भी दिए थे, लेकिन विजय ने परीक्षा से पहले मोबाइल नहीं देखा और पेपर का फायदा नहीं उठा सका। आईजी अजय लांबा के नेतृत्व में एसपी कुंदन कंवरिया और एएसपी चिरंजी लाल मीणा की टीम गिरफ्तार आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है। एसओजी अब यह जांच कर रही है कि बाबूलाल कटारा के कार्यकाल में अन्य किन-किन परीक्षाओं में भी इसी प्रकार पेपर लीक हुआ। साथ ही फर्जीवाड़े से सरकारी नौकरी हासिल करने वाले अन्य अभ्यर्थियों और नेटवर्क से जुड़े बिचौलियों की भी तलाश की जा रही है।

# 1100 परिंडे लगाने के लक्ष्य के साथ अभियान शुरू



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भीषण गर्मी में पक्षियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से लव त्रिलोकानी सामाजिक सेवा संस्थान एवं युवा जागृति संगठन की ओर से विशाल परिंडा अभियान की शुरुआत की गई। अभियान के तहत 1100 परिंडे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसकी शुरुआत रविवार को जवाहर नगर स्थित विवेकानंद पार्क में 151 परिंडे लगाकर और वितरित कर की गई। कार्यक्रम संयोजक दौलत त्रिलोकानी ने बताया कि संस्था की ओर से हर वर्ष गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए परिंडे लगाने का अभियान चलाया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष भी शहरभर में विभिन्न स्थानों पर 1100 परिंडे लगाए जाएंगे, ताकि पक्षियों को पानी उपलब्ध हो सके। अभियान के शुभारंभ अवसर पर समाजसेवी तुलसी त्रिलोकानी, गिरधारी कृष्णानी, किशन पूजानी, अजय मूलचंदानी, करन अलवानी, नरेंद्र जोधपुरी, मनोज सेवानी, राजेश टहलानी, दीपक धामेजानी, राजकुमार साध, गणेश राजपाल, शशिकांत शर्मा, गोरधन बिनवानी, रमेश हरपलानी, ओमप्रकाश सैनी, तरुण मोटवानी, राजकुमार खटवानी, हरनाम रुपाणी, प्रदीप जैसवानी, पुरुषोत्तम रामरखयानी, अक्षय रजवानिया, दिलीप भाटिया, प्रदीप बचानी, मुरली चंदानी, लखीराम भंभानी, दौलत चंदानी, होतचंद वाधवानी, मनोज लोकवाणी, महेश खटवानी, राजेश गोपलानी, मुकेश मोतियानी, दीपक धीर, खेमचंद केलवानी, विजय हासानी, पुरुषोत्तम उमरानी, राकेश चतवानी, मुकेश तोतलानी, श्याम कमलानी, धर्मेंद्र पमनानी, मनोज जेसवानी, धर्मेंद्र त्रिलोकानी, नरेंद्र जेठवानी, मनीष सोमानी, प्रकाश समलानी, पदमा हेमनानी, मालवी त्रिलोकानी, मंजू टहलानी, हर्षा सेवानी, अंजना त्रिलोकानी, वर्षा मानवानी, लक्ष्मीजी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# एयरपोर्ट पर नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाली महिला गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** एयरपोर्ट थाना पुलिस ने जयपुर एयरपोर्ट पर नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला लोगों से रुपए लेकर फर्जी एंट्री कार्ड और पास बनाकर नौकरी दिलाने का झांसा देती थी। पुलिस ने उसके कब्जे से चार फर्जी कार्ड, करीब तीस लोगों के आधार कार्ड और आवेदन फॉर्म बरामद किए हैं। फिलहाल पुलिस पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि एयरपोर्ट थाना पुलिस ने जयपुर एयरपोर्ट पर नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह की शातिर महिला किरण सैनी निवासी पिलानी जिला झुंझुनू हाल श्रीनाथ जगतपुरा जयपुर को गिरफ्तार किया। आरोपी महिला एआईएएसएल ग्राउंड हैंडलिंग कंपनी के कार्ड को गूगल जैमिनी और एआई एप की मदद से एडिट कर रंगीन फर्जी कार्ड तैयार करती थी। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अब तक करीब 30 से अधिक लोगों से जयपुर एयरपोर्ट पर नौकरी लगवाने के नाम पर लगभग 9 से 10 लाख रुपए की ठगी कर चुकी है। आरोपी पूर्व में एआईएएसएल कंपनी में जयपुर एयरपोर्ट पर कार्य भी कर चुकी हैए जिसका फायदा उठाकर वह लोगों को भरोसे में लेती थी। थाना प्रभारी रूपनारायण ने बताया कि 8 मई 2026 को एयरपोर्ट थाना जयपुर पूर्व में फर्जी नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी की शिकायत दर्ज हुई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई और पुलिस टीम गठित की गई। टीम में रामलाल, मोहनलाल और अमित शामिल रहे। पुलिस अब इस मामले में शामिल अन्य लोगों के बारे में पूछताछ कर रही है।

# नाले को लेकर भाजपा नेता ने किए सवाल

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** भाजपा नेता राजकुमार तंवर ने कहा है कि हाल ही में धरने पर पहुंचे विधायक मनोज मेघवाल ने जर्जर नाले का मुद्दा उठाया कि बाइपास रोड पर नालों की दुर्दशा हो रही थी लेकिन उन्होंने नालों के लिए कितने लाख की राशि जारी की। तंवर ने कहा कि आप तो दो बार विधायक रह चुके, आपको पता है कि नाला जर्जर है, फिर भी आपने इस नाले के लिए व्यवस्था करते हुए बजट क्यों नहीं दिया। आप नाले की दुहाई देते हो लेकिन नाले के लिए विधायक कोटे से राशि स्वीकृति करते। क्योंकि ये समस्या तो सालों से विद्यमान है। इसलिए हमारी विधायक से मांग है कि नाले के लिए अपने कोटे से राशि जारी कर इनकी मरम्मत या नया नाला निर्माण करवाया जावे।

# सम्मान समारोह आज

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय लाछडसर में प्रतिभा सम्मान, शिक्षक सम्मान, भामाशाह सम्मान का कार्यक्रम किया जायेगा। जिसमें बोर्ड परीक्षा 2026 में अव्वल रही छात्राएं, शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले शिक्षक व मुख्य भामाशाह वैद्यराज भोमराज जाखड़ द्वारा निर्मित प्रधानाचार्य कक्ष व मां सरस्वती मन्दिर का उद्घाटन किया जायेगा साथ ही इन्हीं के द्वारा 21 लाख रूपये लागत से बनने वाले दो कक्षा-कक्षों का शिलान्यास गौऋषि चन्द्रमादास महाराज हनुमान गढी अयोध्या के मुख्य आतिथ्य व ग्रामवासी लाछड़सर के सानिध्य में किया जायेगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ चेतन चौहान ने बताया विद्यालय में लगातार भामाशाह एवं दानदाता का सहयोग मिल रहा है।

# पार्क में नेहरू की मूर्ति फिर से स्थापित हो : ढ़ेनवाल

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** गांधी चैक स्थित पार्क में बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर, महाकवि कन्हैयालाल सेठिया, स्वतंत्रता सेनानी पंडित गिरीशचन्द्र की मूर्तियां लगवाने की मांग को लेकर नगरपरिषद के बाहर चल रहा धरना लगातार सातवें दिन भी जारी रहा। हाल ही में भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप की ओर से लगाए गए आरोपों का जवाब देते हुए धरनार्थी अजय ढ़ेनवाल ने कहा कि हमें कोई टेंडर नहीं चाहिए, आप चाहे जिसको टेंडर दिलवाओ, आप चाहो तो टेंडर केंसिल करवाओ या फिर अपनी मनमर्जी की फर्मो को दिलवाओ। हमारी लड़ाई केवल महापुरूषों के मान सम्मान की है। वहीं ढ़ेनवाल ने आरोप लगाते हुए कहा कि एक भाजपा नेता ने ये तो बताया कि पार्क 1967 में बना था लेकिन ये नहीं बताया कि जबसे पार्क आपने अपने मित्रों को अलॉट करवाया, तब से उसमें लगी देश के प्रथम प्रधानमंत्री व स्वतंत्रता सेनानी पं जवाहरलाल नेहरू की मूर्ति कहा है। ढ़ेनवाल ने प्रशासन से मांग की है कि पंडित नेहरू की मूर्ति को फिर से इस पार्क में स्थापित किया जावे और जिन लोगों ने मूर्ति को छुपाया, उनके खिलाफ कार्यवाही की जावे। दूसरी ओर धरनार्थी इकबाल खां कायमखानी ने बताया कि बार-बार ग्रीन स्पेस पार्क में मूर्ति लगाने की बात को लेकर जनता को गुमराह किया जा रहा है, जबकि ग्रीन स्पेस पार्क में अब दांडी मार्च की मूर्तियां बन रही है, जिससे वो जगह कवर हो गई है। अब वहां पर मूर्ति लगाने की बजाय गांधी चैक में लगाया जाना जायज होगा। लेकिन ये समझ में नहीं आ रहा कि कुछ लोगों को स्वतंत्रता सेनानियों और महापुरूषों की मूर्तियों से क्या एलर्जी है। उन्होंने महापुरूषों के सम्मान में आम लोगों से आगे आने की अपील की। धरने पर तरूण सियोता, अरविंद, बिलाल, मुकेश गोयल, सोहिल गोपालपुरिया आदि लोग मौजूद रहे।



# केकेसी इंटरनेशनल स्कूल में मदर्स डे मनाया

निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** स्थानीय केकेसी इंटरनेशनल स्कूल में मदर्स डे का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में क्षेत्र की माताओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया, जिससे विद्यालय परिसर मातृत्व के गौरव और वात्सल्य के रंगों से सराबोर नजर आया। समारोह की शुरुआत उपस्थित माताओं द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। भारतीय संस्कृति की परंपरा के अनुसार विद्यालय परिवार द्वारा सभी माताओं का भव्य स्वागत किया गया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं

स्कूल के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के सम्मान में विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने कविताओं, गीतों और भावपूर्ण नृत्य के माध्यम से माँ के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। इसके साथ ही माताओं के लिए विभिन्न रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विजेताओं को स्कूल स्टाफ द्वारा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल और प्रभावी संयुक्त मंच संचालन प्रीति, निकिता राजवी, दीक्षा स्वामी एवं ग्रुप द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ स्टाफ मनोज कुमार, मनोज कुमार नाई, रामनिवास, विजयलक्ष्मी स्वामी, मुन्नी, चेतन कुमार, संजू प्रजापत, संतोष शर्मा, रेखा प्रजापत, सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम के समापन पर स्कूल प्राचार्य कोमल शेखावत ने सभी आगंतुक माताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि एक बच्चे के जीवन में माँ की भूमिका सर्वोपरि है और समाज के निर्माण में उनका योगदान अतुलनीय है। उन्होंने सफल आयोजन के लिए समस्त स्टाफ और अभिभावकों को बधाई दी।

# पर्यटकों को आकर्षित करता है खूबसूरत हिल स्टेशन लोनावला

महाराष्ट्र के पुणे जिले में स्थित लोनावला खूबसूरत हिल स्टेशन है। यह पुणे से लगभग 64 किमी पश्चिम में और मुंबई से 96 किमी पूर्व में है। लोनावला को हार्ड कैंडी चिक्की के उत्पादन के लिए भी जाना जाता है। लोनावला आने के लिए पुणे जंक्शन से लोकल ट्रेनें उपलब्ध हैं। मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे और मुंबई-बेंगलुरु राजमार्ग भी लोनावाला से होकर गुजरते हैं। वर्तमान लोनावला सेउना (यादव) राजवंश का हिस्सा था। बाद में मुगलों को इस क्षेत्र के रणनीतिक महत्व का एहसास हुआ और उन्होंने इस क्षेत्र को लंबे समय तक अपने पास रखा। इस क्षेत्र के किलों और मावला योद्धाओं ने मराठा साम्राज्य और पेशवाओं के इतिहास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1871 में लोनावाला और खंडाला हिल स्टेशनों की खोज लॉर्ड एलफिंस्टन ने की थी, जो उस समय बॉम्बे प्रेसीडेंसी के गवर्नर थे। लोनावाला और निकटवर्ती खंडाला सह्याद्रि पर्वतमाला में स्थित जुड़वां हिल स्टेशन हैं। हिल स्टेशन लगभग 38 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैले हुए हैं। मानसून के मौसम में यहां पर्यटन चरम पर होता है। लोनावला नाम लेनी शब्द से बना है जिसका अर्थ है गुफाएं और अवली जिसका अर्थ है श्रृंखला। एक और दिलचस्प जगह तुंगी किला है, जो कर्जत गांव के पास मलिक अहमद द्वारा कब्जा किए गए किलों में से एक है। लोनावला के पर्यटन स्थलों की बात करें तो उनमें राजमाची प्वाइंट काफी मशहूर है। इस बिंदु से शिवाजी महाराज के किले, राजमाची (रॉयल टेराकोइओस) और आसपास की घाटी का दृश्य दिखाई देता है। राज्य परिवहन बस स्टैंड से राजमाची प्वाइंट और लोनावाला के बीच नियमित राज्य परिवहन बसें चलती हैं। वाघजई दारी भी यहीं स्थित है। राजमाची किला लोनावाला के नजदीक एक ऐतिहासिक किला है और मानसून के मौसम में बहुत सारे ट्रैकर्स को आकर्षित करता है। किले में दो अन्य किले भी शामिल हैं- श्रीवर्धन किला और मनरंजन किला। इसके अलावा, यह किला जुगनूओं के लिए जाना जाता है जो रात में आसपास को रोशन कर देते थे। रायवुड पार्क और शिवाजी उद्यान लोनावला में स्थित एक विस्तृत उद्यान है। इस बगीचे में कई ऊँचे पेड़ हैं, जिनमें से कुछ बहुत पुराने हैं। पार्क में एक पुराना शिव मंदिर है।



## वलवन बांध

वलवन बांध एक ब्रिटिश निर्मित उद्यान है और एक शताब्दी से भी अधिक पुराना है। इस बांध की दीवार के नीचे एक बगीचा है और यह शहर से 2 किमी दूर है। यह बांध बिजली पैदा करने के लिए सह्याद्रि की तलहटी में खोपोली बिजली स्टेशन को पानी की आपूर्ति करता है।

## डेला एडवेंचर पार्क

डेला एडवेंचर पार्क भारत का सबसे बड़ा एडवेंचर पार्क है जो लोनावला हिल स्टेशन में स्थित है। यह पार्क 36 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। डेला एडवेंचर पार्क करीब 52 साहसिक गतिविधियों की पेशकश करता है।

## लोनावला झील

लोनावाला झील शहर से लगभग 1.6 किमी दूर प्राकृतिक दृश्यों से घिरी हुई है। सर्दी और गर्मी के महीनों के दौरान झील सूख जाती है और इसमें हरी घास उग आती है जिसका उपयोग वॉकर और जॉगर्स द्वारा किया जाता है। यह स्थान अपने स्ट्रीट फूड के लिए पर्यटकों को आकर्षित करता है। यहां के प्रसिद्ध स्ट्रीट फूड में भुट्टे, स्मोक्ड कॉर्न, शेव्ड आइस (गोला), वड़ा पाव, चाट और अदरक चाय जैसे खाद्य पदार्थ शामिल हैं।

## ड्यूक की नाक

ड्यूक की नाक लोनावला से 12 किमी दूर है, जो मुंबई की ओर गाड़ी चलाते समय राजमार्ग से स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। खंडाला के इस ऐतिहासिक स्थल को पैदल यात्री देखने आते हैं। इसे स्थानीय रूप से नागफनी (कोबरा का हुड) के रूप में भी जाना जाता है, इस चट्टान का नाम ड्यूक ऑफ वेलिंगटन के नाम पर रखा गया है, जिनकी नाक जैसी यह दिखती है।

## टाइगर प्वाइंट

टाइगर्स लीप को टाइगर्स पॉइंट के नाम से भी जाना जाता है, जो 650 मीटर से अधिक की ढलान वाली एक चट्टान है। किंवदंती है कि एक बार एक बाघ द्वारा पीछा किए जाने पर मराठा साम्राज्य के राजा शिवाजी पहाड़ी पर से एक खाई में कूद गए और बाघ ने भी घाटी में छलांग लगा दी, तभी से इस स्थान को बाघ की छलांग का नाम दिया गया। बाघ की छलांग के ठीक आसपास एक छोटा-सा झरना है जो केवल मानसून के दौरान सक्रिय रहता है।





## कार्ला गुफाएँ

लोनावाला के पास स्थित कार्ला गुफाएं तीसरी से दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व के आसपास बौद्ध भिक्षुओं द्वारा निर्मित गुफा मंदिरों का एक परिसर है। यहां देवी एकवीरा देवी का एक मंदिर भी मौजूद है।

## लोहागढ़ किला

मलावली रेलवे स्टेशन से लगभग 11.2 किमी की कठिन चढ़ाई आपको आयरन फोर्ट तक ले जाती है, जो कभी शिवाजी का दुर्जेय युद्ध स्थल था। किले से आसपास की पहाड़ियों और बस्तियों का दृश्य दिखता है।

## विसापुर किला

लोहागढ़ किले के निकट विसापुर किला स्थित है जो लोहागढ़-विसापुर किले का हिस्सा है। विसापुर किला अपने जुड़वां लोहागढ़ की तुलना में बड़ा और अधिक ऊंचाई पर है। इसका निर्माण 1713-1720 ई. के दौरान बालाजी विश्वनाथ द्वारा करवाया गया था।

## सिंह बिंदु


यह भूशी बांध और एम्बी वैली के बीच में एक दृश्य बिंदु है, जहां से एक गहरी घाटी और पहाड़ दिखाई देते हैं। यह स्थान भुने हुए मकई और प्याज के पकौड़ों के लिए जाना जाता है। इस पॉइंट पर कोई शेर नहीं है, लेकिन इसका यह नाम इसलिए रखा गया है क्योंकि यह लोनावाला के लायंस क्लब से जुड़ा है।

## नारायणी धाम मंदिर

नारायणी धाम एक मंदिर है जिसका निर्माण 2002 में हिंदू देवी नारायणी के सम्मान में किया गया था। यह लोनावला रेलवे स्टेशन से 2 किमी की दूरी पर है। मंदिर में दुर्गा माता, सालासर बालाजी (हनुमान) और गणपति की मूर्तियाँ संगमरमर की संरचना में स्थित हैं।

## तुंगरली बांध

यह झील और बांध मानसून के मौसम में जीवंत हो उठते हैं, जहां कुछ लोग पहाड़ की चोटी पर चढ़कर बांध तक पहुंचते हैं। यह बांध ब्रिटिश काल के दौरान बनाया गया था और इसमें पेड़ों और पहाड़ियों का एक शांत वातावरण है।



# जम्मू कश्मीर जाने की न करें मलाल हिमाचल की यह जगह है इसकी कॉपी

हिमाचल प्रदेश देश का एक प्रमुख पर्यटन राज्य है। हिमाचल अपनी असीम खूबसूरती, मनमोहक नजारे और अद्भुत जगहों के लिए दुनिया भर में फेमस है। उंची-उंची घाटियां, झील-झरने, हसीन पहाड़ और पहाड़ों में मौजूद कुछ अनदेखी जगहें सैलानियों को काफी आकर्षित करती हैं। हिमाचल में ऐसी कई जगहें मौजूद हैं, जो जम्मू-कश्मीर से कम नहीं है।



## सुजानपुर टीहरा

हमीरपुर में स्थित सबसे बेहतरीन जगह घूमने की बात होती है, तो सबसे पहले सुजानपुर टीहरा का नाम जरूर लिया जाता है। आपको बता दें कि सुजानपुर टीहरा एक फोर्ट है, जिसका इतिहास कटोच राजवंश से जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि सुजानपुर टीहरा फोर्ट का निर्माण कटोच राजवंश ने 1748 में किया था। ब्यास नदी के किनारे स्थित होने के चलते यह फोर्ट सैलानियों के बीच में भी काफी फेमस है। फोर्ट से व्यास नदी और आसपास के अद्भुत दृश्यों को सिर्फ और सिर्फ निहारने का ही मन करेगा। अगर आप एडवेंचर का शौक रखते हैं, तो रिवर राफ्टिंग का भी लुत्फ उठा सकते हैं। बर्फबारी के समय की जगह की खूबसूरती चरम पर होती है।

## चमेरा झील

हमीरपुर की खूबसूरती में कोई चीज सबसे अधिक चार चांद लगाने का काम करती है तो वो है चमेरा झील है। चमेरा झील हमीरपुर में घूमे जाने वाली सबसे चर्चित और लोकप्रिय जगहों में से एक है। हसीन पहाड़ और खूबसूरत देवदार के पेड़ों के बीच में मौजूद चमेरा झील नौकायन के लिए काफी फेमस मानी जाती है। ऐसे में झील में आप बोटिंग का अद्भुत लुत्फ भी उठा सकते हैं। झील के आसपास कई खाने-पीने की स्टॉल भी लगे होते हैं। मानसून या बर्फबारी के समय की जगह की खूबसूरती चरम पर होती है।

## नदौन

मुख्य शहर से करीब 20 किमी की दूरी पर मौजूद नदौन एक बेहद ही खूबसूरत और मनमोहक जगह है। कहा जाता है कि इस खूबसूरत जगह की स्थापना कटोच वंश के शासकों द्वारा स्थापित किया गया था। नदौन की खूबसूरती में व्यास नदी बखूबी चार चांद लगाती है। कहा जाता है कि प्राचीन काल में कटोच वंश के शासकों द्वारा नदौन में ही मछली पकड़ने का काम किया जाता था। नदौन एक प्राचीन मंदिर है, जिसे बेहद ही पवित्र मंदिर माना जाता है। महादेव मंदिर ने फेमस यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है।



## हमीरपुर टी गार्डन

हमीरपुर चाय बागानों के लिए काफी फेमस शहर माना जाता है। ऐसे में अगर आप किसी बेहतरीन चाय बागान में घूमने का शौक रखते हैं और चाय पीने का शौक रखते हैं, तो फिर आपको हमीरपुर चाय बागान पहुंच जाना चाहिए। हमीरपुर टी गार्डन अद्भुत नजारों के लिए भी काफी फेमस स्थान माना जाता है।

## हमीरपुर में घूमने की जगहें

हमीरपुर में ऐसी अन्य कई बेहतरीन जगहें हैं, जिन्हें आप एक्सप्लोर कर सकते हैं। जैसे-टीरा सुजानपुर वन्यजीव अभयारण्य, अवाह देवी मंदिर और बाबा बालक नाथ मंदिर। इन जगहों पर घूमने के साथ-साथ ट्रेकिंग का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

# महाराष्ट्र की छिपी हुई यह हसीन जगह किसी जन्नत से कम नहीं

महाराष्ट्र देश का एक ऐसा राज्य है जो अपनी हसीन और मनमोहक जगहों के लिए दुनिया भर में फेमस है। महाराष्ट्र में स्थित लोनावला, खंडाला, महाबलेश्वर और पंचगनी जैसी बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर करने हर दिन पर्यटक पहुंचते हैं। लेकिन महाराष्ट्र में स्थित चर्चित जगहों के अलावा कुछ ऐसी छिपी हुई जगहें हैं जहां एक बार घूमने के बाद आप हिमाचल प्रदेश या उत्तराखंड को भूल जाएंगे। महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में स्थित मालवन भी एक छिपा हुआ खजाना है।



## मालवन बीच

मालवन में घूमने की बात होती है, तो सबसे पहले मालवन बीच का नाम जरूर लिया जाता है। इस समुद्र तट की खूबसूरती इस कदर प्रचलित है कि यहां हर दिन हजारों पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। मालवन बीच को लेकर कहा जाता है कि जो पर्यटक प्रकृति से प्रेम करते हैं, वो यहां जरूर पहुंचते हैं। चमकदार सफेद रेत और समुद्र के नीले पानी पर्यटकों को काफी आकर्षित करते हैं। समुद्र तट के किनारे-किनारे मौजूद नारियल और काजू के पेड़ खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। आपको बता दें कि मालवन बीच काफी साफ-सुथरा भी माना जाता है।

## सिंधुदुर्ग फोर्ट

मालवन से कुछ ही दूरी मौजूद सिंधुदुर्ग फोर्ट एक ऐतिहासिक फोर्ट होने के साथ-साथ लोकप्रिय पर्यटक भी स्थल है। कहा जाता है कि इस ऐतिहासिक फोर्ट का निर्माण 1664 में डच, पुर्तगाली और ब्रिटिशों के आक्रमण को विफल करने के लिए बनाया गया था। अरब सागर के किनारे स्थित यह फोर्ट मनमोहक दृश्यों के लिए भी काफी फेमस है। करीब 48 एकड़ में फैले इस फोर्ट से समुद्र की मनमोहक लहरों को निहार सकते हैं। फोर्ट से आप हसीन तस्वीरों को भी कैमरे में कैद कर सकते हैं।

## रॉक गार्डन

मालवन में स्थित रॉक गार्डन एक बेहद ही मनमोहक और खूबसूरत पर्यटन स्थल है। चिलवा समुद्र तट के किनारे स्थित रॉक गार्डन शांत वातावरण के लिए भी काफी फेमस माना जाता है। रॉक गार्डन सूर्योदय और सूर्यास्त के नजारों के लिए भी काफी फेमस है। खासकर सुबह और शाम के समय रॉक गार्डन कई पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। गार्डन में मौजूद छोटे-बड़े पत्थर भी सूर्य की रोशनी पर चमकते रहते हैं। जब समुद्र की लहरें चट्टानों से टकराती है तो देखना का एक सुखद अनुभव प्राप्त होता है। रॉक गार्डन से कुछ ही दूरी पर फूलों का एक बगीचा भी मौजूद है।

## मालवन में घूमने की अन्य जगहें

मालवन में ऐसी अन्य कई बेहतरीन जगहें मौजूद हैं, जहां परिवार, दोस्त या पार्टनर के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं। देवबाग बीच और अर्चना बीच जैसी बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। इसके अलावा जय गणेश मंदिर और केलबाई मंदिर को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं।

## स्कूबा डाइविंग का लुत्फ उठाए

महाराष्ट्र के कई समुद्र तट स्कूबा डाइविंग के लिए काफी फेमस माने जाते हैं। वॉटर स्पोर्ट्स का लुत्फ उठाने के लिए कई लोग परिवार, पार्टनर या दोस्तों के साथ पहुंचते रहते हैं। मालवन में मालवन बीच, देवबाग बीच और अर्चना बीच में स्कूबा डाइविंग का बेहतरीन लुत्फ उठा सकते हैं। इसके अलावा मालवन में पैरासेलिंग, स्पीड बोट और जेट स्काई का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

## मालवन कैसे पहुंचें?

देश के किसी भी कोने से आप मालवन आसानी से पहुंच सकते हैं। इसके लिए आप कोल्हापुर से आसानी से पहुंच सकते हैं। कोल्हापुर से मालवन की दूरी करीब 157 किमी है। इसके अलावा पुणे से करीब 7 घंटे की दूरी पर मालवन मौजूद है। मुंबई से मालवन की दूरी लगभग 530 किमी है। ऐसे में आप कोल्हापुर, पुणे या मुंबई जैसे शहर से आसानी से मालवन पहुंच सकते हैं।

# भारत में यहां स्थित है दुनिया का सबसे ऊंचा गुरुद्वारा

क्या आप जानते हैं कि दुनिया का सबसे ऊंचा गुरुद्वारा भारत में स्थित है। लेकिन इस गुरुद्वारे तक पहुंचने के लिए आपको पहाड़ों, नदियों, झरनों को पार करना होगा। यह सुनकर आपको आसान लग रहा होगा, लेकिन फिर भी वहां पहुंचना कोई आसान काम नहीं है। सबसे ऊंचे गुरुद्वारे तक पहुंचने के लिए कम से कम 4 दिन की पैदल यात्रा करनी होती है। अगर अभी भी आपको समझ नहीं आया है तो बता दें कि हेमकुंड साहिब की बात कर रहे हैं। यह हेमकुंड साहिब उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित है। इसकी ऊंचाई 14,100 फीट है, जिसकी वजह से यह दुनिया का सबसे ऊंचा गुरुद्वारा है।

**पंचकोणीय गुरुद्वारा :** यह गुरुद्वारा सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह को समर्पित है। हेमकुंड साहिब में सिर्फ सिख ही नहीं, पूरे भारत के विभिन्न धर्मों के लोग आते हैं। लेकिन यहां आने के लिए एक बात ध्यान रखना होगा कि यहां कुछ समय पर ही एंट्री मिलती है। हेमकुंड साहिब में प्रवेश की अनुमति केवल साल में कुछ निश्चित समय पर ही दी जाती है। इसके अलावा अगर आप हेमकुंड साहिब जाना चाहते हैं, तो आपको वहां तक पहुंचने के लिए 4-5 दिन की पैदल यात्रा करनी होगी। इसलिए अगर आप इतनी यात्रा कर सकते हैं, तो ही यहां जाने का प्लान बनाएंगे।



**गुरुद्वारे का खूबसूरत नजारा :** यहां फूलों की घाटी ट्रेक पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है। इस फूलों की घाटी पार करने के बाद ही हेमकुंड साहिब जाने का मौका मिलेगा। इस फूलों की घाटी की खासियत यह है कि आप 300 से अधिक प्रजातियों के फूल देख सकते हैं। यहां आपको ब्रह्म कमल भी देखने को मिलेगा। फूलों की घाटी और हेमकुंड साहिब की यात्रा जोशीमठ से शुरू होती है। जोशीमठ से पहले गोविंदघाट फिर घांघरिया आता है। यह घांघरिया हेमकुंड साहिब का पहला बेस कैंप है। इस घांघरिया से फूलों की घाटी के दर्शन करते हुए हेमकुंड साहिब पहुंचा जा सकता है। हेमकुंड साहिब के बगल में जमी हुई लोकपाल झील है। झील सात पर्वत चोटियों से घिरी हुई है। ऐसा कहा जाता है कि गुरु गोबिंद सिंह ने इसी झील के किनारे तपस्या की थी। इसलिए कहा जाता है कि इस जमी हुई झील में पैर डुबाने से आपके सारे पाप धुल जाते हैं। कई लोग हेमकुंड साहिब का जल बोतलों में भरकर घर लाते हैं।

**कब से शुरू होती है यात्रा :** फूलों की घाटी की यात्रा जून से शुरू होती है। उस समय हेमकुंड साहिब के कपाट पर्यटकों के लिए खोल दिये जाते हैं। आप जून की शुरुआत से सितंबर तक हेमकुंड साहिब की यात्रा कर सकते हैं। फूलों की घाटी मूलत:, एक मानसून ट्रैक है, लेकिन अक्टूबर से हेमकुंड साहिब में तापमान गिरना शुरू हो जाता है और सर्दियों के मौसम में दुनिया का सबसे ऊंचा गुरुद्वारा बर्फ की सफेद चादर से ढक जाता है। हेमकुंड साहिब के कपाट श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए दोपहर 2 बजे तक खुले हैं। इसके अलावा 14,000 फीट की ऊंचाई पर मौसम कभी भी बदल सकता है। इसलिए खतरे से बचने के लिए सुबह जल्दी यात्रा शुरू करनी चाहिए और दोपहर तक हेमकुंड साहिब के आसपास फिर से नीचे आ जाना चाहिए।

## नयनाभिराम श्रृंगार के साथ विशाल भजन संध्या आयोजित

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** श्यामसेवी संस्था श्री श्याम युवा मंडल समिति रजि शास्त्री नगर का 27वां वार्षिकोत्सव शास्त्री नगर, हाऊसिंग बोर्ड में नयनाभिराम श्रृंगार के साथ विशाल भजन संध्या का भव्य आयोजन हुआ। श्री श्याम युवा मण्डल समिति के संस्थापक पीयूषपाणि चतुर्वेदी ने बताया कि इस शुभ अवसर पर श्री श्याम सरकार की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजन कर विभिन्न सुगंधित पुष्प गजरों से भव्य, दिव्य, अलौकिक श्रृंगार किया गया। जिसके बाद विशाल भजन संध्या आयोजित की गई। इस विशाल भजन संध्या में जयपुर के प्रख्यात भजन कुमार नरेन्द्र, रमेश चौधरी, कुमार गिरिराज शरण, लोकेश शर्मा, नवीन शर्मा, रोहित शर्मा, अमित नामा, आर्यन शर्मा, पूजा पारीक, स्वर्णा-दिव्यांशी ने अपनी मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को झुमने पर मजबुर कर दिया। वहीं गुलाबीनगर के प्रख्यात कृष्णकांत शर्मा म्यूजिकल ग्रुप तथा आकाश साउण्ड झोटवाड़ा के संगीत संयोजन में अपने भावपूर्ण भजनों की अविरल गँगा प्रवाहित की। इस अवसर पर जयपुर ध्वजाधीश गणेश मंदिर पुजारी आनन्द मेहता, काले हनुमानजी मंदिर चाँदी की टकसाल के पूज्य महंत श्रद्धेय गोपालदास महाराज, जय कुमार शर्मा, महामंडलेश्वर एवं हवामहल विधानसभा क्षेत्र के विधायक बालमुकुन्दाचार्य महाराज, जयपुर शहर जिला काँग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं हवामहल विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी आर तिवाड़ी सहित समिति के सम्माननीय संरक्षक सुरेश पाटोदिया, गोविन्द शरण रावत, आयोजन के संयोजक कुन्दन लाल चतुर्वेदी सहित जयपुर की प्रख्यात अनेक श्यामसेवी संस्थाओं, श्यामप्रेमियों एवं स्थानीय भक्तजनों की गरिमामय उपस्थिति रही। आज के दौर में अनेक जगह धार्मिक कीर्तनों में हो रहे आडम्बर एवं दिखावे का परित्याग करते हुए श्याम प्रभु को पूर्ण रूप से समर्पित एवं मर्यादित कीर्तन का स्वरूप देते हुए श्री श्याम युवा मण्डल समिति शास्त्रीनगर जयपुर ने एक नए नवाचार का शुभारम्भ किया गया, जिसकी उपस्थित जनसमुदाय द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा की गई।

## होटल की छत पर चल रहे अवैध हुक्का बार पर पुलिस का छापा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जालूपुरा थाना पुलिस ने अवैध हुक्का बार और अवैध हथियारों के खिलाफ रविवार को दो बड़ी कार्रवाइयां करते हुए एक होटल की छत पर संचालित हुक्का बार का भंडाफोड़ किया तथा एक युवक को अवैध कटार के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त द्वितीय बजरंग सिंह के निर्देशन एवं सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली राजेंद्र कुमार मीणा के पर्यवेक्षण में जालूपुरा थानाधिकारी हवासिंह के नेतृत्व में थाना पुलिस और डीएसटी जयपुर उत्तर की संयुक्त टीम ने एमआई रोड स्थित होटल लेजर इन ग्रांड चाणक्य क्लब नाइट जार रिलोडेड पर छापा मारा। पुलिस जांच में सामने आया कि होटल की छत पर बने रेस्टोरेंट की आड़ में ग्राहकों को प्रतिबंधित हुक्का परोसा जा रहा था। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से 14 हुक्के, 14 चिलम और 14 पाइप नली जब्त की। इसके अलावा 40 पाइप नली, 14 अतिरिक्त चिलम, छह फिल्टर पाइप प्लास्टिक पैकेट, एल्यूमिनियम फॉइल के टुकड़े, 12 चिमटे एक स्टील चाकू, 56 स्टील हुक्का प्लेट तथा विभिन्न प्रकार के हुक्का फ्लेवर भी बरामद किए गए। पुलिस ने मौके से हुक्का बार के मैनेजर किशोर सिंह निवासी घासीपुरा, तूंगा को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ कोटपा संशोधन अधिनियम की धारा 4ए/21ए के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं हुक्का पीते मिले ग्राहकों के खिलाफ भी कोटपा एक्ट के तहत चालान की कार्रवाई की गई। एक अन्य कार्रवाई में जालूपुरा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बड़ी मस्जिद के पास से जुमन निवासी मालदा, पश्चिम बंगाल हाल खानाबदोश जालूपुरा को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से एक अवैध धारदार कटार बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

## म्हारी झोपड़ी में पधारो श्याम वार्षिक महोत्सव आयोजित

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** इंदिरा बाजार स्थित बाबा हरिश्चंद्र मार्ग, कानजी पुरोहित की गली में आयोजित म्हारी झोपड़ी में पधारो श्याम का 37वां वार्षिक उत्सव महोत्सव भक्ति और श्रद्धा के माहौल में संपन्न हुआ। दो दिवसीय आयोजन का समापन भव्य भंडारे और महाआरती के साथ हुआ। आयोजक राजकुमार कुमावत एवं राजकुमारी कुमावत ने बताया कि आयोजन के दूसरे दिन शाम सवा 7 बजे 101 थालियों से सजी भव्य आरती के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। दीपों की झिलमिलाहट और बाबा श्याम के जयकारों से पूरा पंडाल श्याममय हो उठा। आयोजन स्थल को आकर्षक फूल बंगले के रूप में सजाया गया, जहां बाबा श्याम को नवीन पोशाक धारण करवाई गई तथा केसर और चंदन के लेप से विशेष श्रृंगार किया गया। लखदातार को छप्पन भोग एवं ठंडी तासीर वाले व्यंजनों और लड्डुओं का भोग अर्पित किया गया। अखंड ज्योत प्रज्वलित कर भजन संध्या की शुरुआत हुई। भजन संध्या के दौरान पुष्प वर्षा और इत्र वर्षा ने भक्तों को भावविभोर कर दिया।

भजन संध्या में खाटू से आए पप्पू शर्मा, उमा लहरी, रजनी राजस्थानी, कुमार गिरिराज, रमेश चौधरी, मनीष घी वाला, गोपाल सेन, निशा-गोविंद शर्मा, सुनील शर्मा, अमित नामा, राज राठौड़, महेश परमार, अजय शर्मा, अविनाश शर्मा, मनोज शर्मा,, भारती कुमावत, लक्ष्मीकांत खंडेलवाल, अभिषेक नामा, कुमार शिवा और आदित्य छीपा सहित अन्य भजन गायकों ने बाबा श्याम के भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो है और साथी हमारा कौन बनेगा, तुम ना सुनोगे तो कौन सुनेगा जैसे भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक भक्ति में सराबोर नजर आए। आयोजन में चांदी की टकसाल काले हनुमान मंदिर के महंत गोपाल दास महाराज, महामंडलेश्वर बालमुकुंद आचार्य महाराज, ज्योत सेवा पंकज महाराज एवं लोकेश मिश्रा का पावन सानिध्य प्राप्त हुआ। भजन संध्या के साथ बाबा के भंडारे एवं महाप्रसादी का आयोजन देर रात तक अनवरत चलता रहा। अंत में बाबा श्याम की महाआरती के साथ वार्षिक महोत्सव संपन्न हुआ।

# गोविंददेवजी मंदिर में गूंजे वैदिक मंत्र

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में रविवार को आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में महंत अंजन कुमार गोस्वामी महाराज के सानिध्य में नववधू अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। जानकी नवमी के अवसर पर अंबाबाड़ी में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में परिणय सूत्र में बंधे नव दंपतियों ने समारोह में सहभागिता कर वैदिक रीति से सुखद दाम्पत्य जीवन का संकल्प लिया। सीकर और अजमेर से आए नव दंपति ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में सभी नव दंपतियों ने ठाकुरश्री राधा गोविंद देवजी, वेदमाता गायत्री, गुरु सत्ता एवं मां गौरी का पूजन कर अपने वैवाहिक जीवन की मंगलकामना की। गोविंद देवजी मंदिर के सेवा अधिकारी मानस गोस्वामी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आचार्य पीठ से अमरदीप पारीक, प्रखर सक्सेना, मोहन सिंह एवं अजय गुप्ता ने प्रज्ञा गीतों के साथ वैदिक मंत्रोच्चार से पंचकुंडीय गायत्री यज्ञ सम्पन्न कराया। अमरदीप पारीक ने उद्बोधन में कहा कि पति-पत्नी गृहस्थ जीवन रूपी रथ के दो पहिए हैं। दोनों के संतुलन, सहयोग और परस्पर सम्मान से ही परिवार में सुख, शांति और समृद्धि आती है। उन्होंने नव दंपतियों से जीवन भर एक-दूसरे के प्रति संवेदनशील और सहयोगी बने रहने का आह्वान किया। श्रीराम जानकी सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ विष्णु दत्त पुजारी ने सभी नव दंपतियों को साड़ी, सुहाग सामग्री, साहित्य सेट एवं बलिवैश्व पात्र भेंट कर आशीर्वाद दिया। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के सह व्यवस्थापक मणिशंकर पाटीदार के मार्गदर्शन में नव दंपतियों के सुखद दाम्पत्य जीवन के लिए विशेष आहुतियां अर्पित कराई गई। गायत्री चेतना केंद्र जनता कॉलोनी के देवेंद्र यादव के मार्गदर्शन में साहित्य स्टॉल भी लगाई गई, जहां श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक साहित्य में रुचि दिखाई। समारोह की व्यवस्थाओं में बनीपार्क से रमेश अग्रवाल, प्रतापनगर से सियाराम शर्मा, झोटवाड़ा से कामिनी शर्मा एवं ज्योति सोनी, जलमहल से सतीश शर्मा, ब्रह्मपुरी से मनोज मौर्य, मुरलीपुरा से तरुण कुमावत तथा गोपालपुरा बाईपास से कमल नरूका सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने श्रमदान किया। मदर्स डे के उपलक्ष्य में विश्व हिंदू परिषद की अनुपम मोदी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं ने हवन में सहभागिता की तथा अपनी माताओं की स्मृति में पौधारोपण करने का संकल्प लिया। मंदिर में दर्शनार्थ पहुंचे श्रद्धालुओं को प्रज्ञा अभियान पाक्षिक पत्रिका एवं हारिए न हिम्मत पुस्तिका ज्ञान प्रसाद के रूप में नि:शुल्क वितरित की गई। नववधु अभिनंदन समारोह का सबसे भावपूर्ण क्षण वह रहा जब सभी नव दंपतियों ने वैदिक परंपरा और ऋषि प्रणीत गृहस्थ जीवन की मर्यादाओं को आत्मसात करते हुए सामूहिक रूप से सात वचनों का पाठ किया। अग्निदेव, देवशक्तियों, हितैषियों एवं संत जनों की साक्षी में वरों ने अपनी धर्मपत्नी के प्रति निष्ठा, सम्मान, सहयोग और समर्पण का संकल्प लिया। वरों ने अपनी धर्मपत्नी को अर्धांगिनी मानते हुए जीवन के प्रत्येक निर्णय में उनका सम्मान करने, गृहलक्ष्मी के रूप में उन्हें अधिकार देने तथा परिवार की व्यवस्था उनकी सहमति से संचालित करने का वचन दिया। उन्होंने यह भी प्रतिज्ञा की कि पत्नी के गुण-दोषों को आत्मीयता और सहनशीलता के साथ स्वीकार करेंगे तथा मित्रवत व्यवहार करते हुए जीवन में मधुरता और प्रेम बनाए रखेंगे। समारोह में वरों ने पत्नीव्रत धर्म का पालन करने, धर्मपत्नी की सुख-शांति, सुरक्षा और प्रगति के लिए सदैव ईमानदारी से प्रयासरत रहने तथा हर परिस्थिति में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संकल्प भी दोहराया। साथ ही यह विश्वास भी दिलाया कि मतभेदों का समाधान शांतिपूर्ण ढंग से करेंगे और कभी भी सार्वजनिक रूप से पत्नी का अपमान नहीं करेंगे। वधुओं ने भी सात वचन लेते हुए परिवार, संस्कार और पारस्परिक सम्मान को जीवन का आधार बनाने का संकल्प व्यक्त किया। समारोह के अंत में उपस्थित परिजनों एवं श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर नव दंपतियों को सुखमय, समृद्ध एवं संस्कारवान वैवाहिक जीवन के लिए शुभाशीष प्रदान किया।

# आईजी ने किया आमजन से संवाद, कानून व्यवस्था का लिया जायजा

निसं



**बीदासर ( नवयत्न )।** पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने और क्षेत्र की कानून व्यवस्था का जायजा लेने के लिए रविवार को बीकानेर रेंज आईजी ओमप्रकाश बीदासर पहुंचे। उनके आगमन पर उप पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिसकर्मियों द्वारा गार्ड ऑफऑनर दिया गया। जिसके बाद आईजी ने स्थानीय नागरिकों और प्रबुद्धजनों के साथ जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में शांति व्यवस्था और पुलिसिंग को और बेहतर बनाने के लिए लोगों से सुझाव मांगे। संवाद के दौरान कस्बे की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रतिनिधियों ने अपनी बात रखी। पूर्व पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश बैंगानी ने वर्तमान सीएलजी कमेटी के पुनर्गठन और सक्रिय सदस्यों को जोड़ने का मुद्दा उठाया। बैंगानी ने कहां कई मुखबिरों द्वारा पुलिस को गुप्त सूचनाएं दी जाती है वो लिक हो जाती है। उसके बाद मुखबिर को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इससे पुलिस को मुखबिर तंत्र के माध्यम से सूचनाएं नहीं मिल पाती, एडवोकेट गोविंद मेघवाल ने कस्बे में फल-फूल रहे जुआ, सट्टा और अवैध शराब की ब्रांचों को तुरंत बंद करवाने की मांग की तो वहीं पूर्व पार्षद पूसाराम चौहान और सीएलजी सदस्य अफजल हुसैन सलामपुरिया ने बढ़ती भीड़ और जाम की समस्या को देखते हुए कस्बे में स्थाई ट्रैफिक पुलिसकर्मी तैनात करने का आग्रह किया तथा बीदासर बस स्टैंड पर तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मी धर्मपाल को पुन:बीदासर लगाने की मांग की। दूसरी ओर कस्बे के पुष्पेंद्र सिंह शेखावत ने सीएलजी में युवाओं को जोड़ने का सुझाव दिया तथा बीदासर थाने में एक युवक को थाने में बुलाकर बेवजह 170 बीएनएस में बंद करने की आईजी के समक्ष बात रखी। जिस पर ?तमाम शिकायतों और सुझावों को सुनने के बाद आईजी ओमप्रकाश ने उपस्थित नागरिकों को आश्वस्त किया कि पुलिस जनता के सहयोग के लिए तत्पर है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अवैध गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए और सुझावों पर प्राथमिकता से अमल किया जाए। इस दौरान चूरू एसपी निश्चय प्रसाद एम, सुजानगढ़ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतपाल सिंह, डीएसपी नेमीचंद चौधरी, आरपीएस प्रहलाद राय, बीदासर थानाधिकारी दिलीप सिंह, छापर थानाधिकारी इंद्रलाल, सांडवा थानाधिकारी चौथमल वर्मा सहित कई पुलिसकर्मी तैनात रहें।

## भक्तिभाव से मनाया आचार्य रत्न बाहुबली महाराज का समाधि दिवस




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भारत गौरव आचार्यरत्न देशभूषण महाराज के पट्टशिष्य आचार्य रत्न बाहुबली महाराज का 16 वां समाधि दिवस रविवार को आगरा रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी पर बडे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर जयपुर सहित पूरे देश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि गणिनी प्रमुख आर्यिकारत्न जिनदेवी माताजी ससंघ के सानिध्य में प्रात: 7 बजे मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ के अभिषेक के बाद विश्व में सुख शांति समृद्धि की कामना करते हुए शांतिधारा की गई। जिसके तत्पश्चात आचार्य चूलगिरी स्थित बाहुबली महाराज की चरण छत्री पर जयकारों के बीच पंचामृत अभिषेक किया गया। इस मौके पर पूजन भक्ति एवं आरती की गई। मंदिर प्रांगण में संगीतमय कल्याणमंदिर पूजा विधान किया गया। अष्ट द्रव्य से आचार्य देशभूषण महाराज और आचार्य बाहुबली महाराज की भक्तिमय संपन्न हुई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जैन भजनों पर भक्ति नृत्य किए। प्रोजक्टर पर आचार्यश्री की जीवन गाथा दिखाई गई। गुरु भक्तों ने गुरु के प्रति अपनी विनयांजलि व्यक्त की। जिन देवी माताजी ने बाहुबली महाराज के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जयपुर सहित दिल्ली, महाराष्ट्र, कर्नाटक, जयपुर आदि पूरे देश से श्रद्धालुओं ने सम्मिलित होकर धर्म लाभ लिया।

## धाभाई का किया स्वागत



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** राज्यमंत्री राजस्थान सरकार देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाना अपने निजी कार्यक्रम में धाभाई फार्म हाउस घोड़ीवारा कलां पहुंचे। भाजपा जिलाध्यक्ष एवं निवृतमान जिला प्रमुख हर्षिनी कुल्हरी एवं भाजपा संगठन में मंडावा विधानसभा सभा के प्रवास प्रभारी धर्मवीर सिंह गुर्जर साथ रहे। राजेश धाभाई, परमेश्वर लाल धाभाई, रमेश धाभाई, आदर्श, देवराज, आकाश, अखिल, हिमांशु, हर्मेंद्र ने राज्य मंत्री का माला पहनाकर एवं साफा बांधकर सम्मान किया। इस अवसर पर किरण देवी, मैना देवी, अनिता देवी ने हर्षिनी कुल्हरी का स्वागत सम्मान किया।

## 800 गीता प्रेमियों ने एक साथ गाया पुरुषोत्तम योग

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर में जब एक साथ लगभग 800 गीता प्रेमियों ने श्रीमद् भगवद्गीता का 15वां अध्याय पुरुषोत्तम योग गाया तो उस समय सभागार में बैठा भक्तों का समूह भक्ति की मस्ती में झूम उठा। कुछ ऐसा की सुकून भरा आध्यात्मिक कार्यक्रम चिन्मय मिशन की स्थापना के स्वर्णिम 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चिन्मय मिशन जयपुर एवं ओके प्लस बिल्डर्स एण्ड डवलपर्स के संयुक्त तत्वावधान में विद्याश्रम स्कूल के महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। चिन्मय मिशन, दक्षिण अफ्रीका के स्वामी अभेदानन्द के पावन सानिध्य में हुए इस आयोजन में संभवतया जयपुर के इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में सामूहिक गीता पाठ किया। आयोजन से जुड़े तथा विशिष्ट अतिथि ओके प्लस बिल्डर्स एवं डवलपर्स के चेयरमैन ओम प्रकाश मोदी ने बताया कि इस दौरान सभागार में बैठे लगभग 800 गीता प्रेमियों ने सामूहिक स्वर में श्रीमद् भगवद्गीता के 15वें अध्याय का तीन बार पाठ कर वातावरण को दिव्य बना दिया। इस दौरान भागवत गीता के मधुर पाठों ने वातावरण को भक्ति और आस्था की त्रिवेणी में श्रोता भीगे दिखाई दिए। इससे पूर्व चिन्मय बाल विहार के बच्चों ने मधुरतम मंगलाचरण से उपस्थित साधकों के मन मोह लिया। इस अवसर पर समय अभेदानन्द ने उपस्थित साधकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि गीता का ज्ञान घर-घर में पहुँचे यह सबका प्रयास होना चाहिए। उन्होंने जीवन में समत्व का भाव बनाए रखने पर जोर दिया। अपने चिर परिचित अन्दाज में उन्होंने सभी श्रोताओं को हंसाते समत्व के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि अटूट श्रद्धा, समर्पण एवं ईश्वरार्पण बुद्धि द्वारा गीता को समझने तथा अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा परिस्थितियों में तो सदैव परिवर्तन होगा किंतु हर परिस्थिति में समता का भाव बनाये रखने से जीवन सुगम होगा। जीवन के हर चरण में गीता मार्गदर्शन करती है। उन्होंने आगे कहा कि वृत्ति तथा अभ्यास जीवन में ऐसा बनायें कि अंतिम समय में भी भगवान के नाम स्मरण होता रहे। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि उत्तर-पश्चिम रेलवे के मुख्य प्रबन्धक अमिताभ तथा विशिष्ट अतिथि ओके प्लस बिल्डर्स एवं डवलपर्स के चेयरमैन मोदी को स्वामी ने शॉल पहनाकर तथा भगवद गीता ग्रंथ भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में स्नेहलता मोदी भी उपस्थित रहीं।

# बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 में दर्ज की रिकॉर्ड सीमेंट बिक्री निसं

**कोलकाता (नवयत्न)।**

चुनौतीपूर्ण बाजार परिस्थितियों के बावजूद बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 का समापन रिकॉर्ड सीमेंट बिक्री और मजबूत लाभ वृद्धि के साथ किया। कंपनी का शुद्ध लाभ 558 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 89 प्रतिशत अधिक है। कंपनी की कुल समेकित सीमेंट बिक्री 18.72 मिलियन टन के रिकॉर्ड स्तर पर रही। ब्लेंडेड एवं प्रीमियम सीमेंट की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि के दम पर यह उपलब्धि हासिल हुई। कंपनी ने पूरे वर्ष 95 प्रतिशत क्षमता उपयोग सुनिश्चित किया, जबकि उद्योग का औसत लगभग 70 प्रतिशत रहा। सीमेंट उत्पादन पहली बार 19 मिलियन टन तक पहुंचा। मार्च में कुंडनगंज लाइन-3 के चालू होने से वार्षिक उत्पादन क्षमता 20 मिलियन टन से बढ़कर 21.4 मिलियन टन हो गई। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी संदीप घोष ने कहा संचालन दक्षता में निरंतर सुधार और लागत अनुकूलन के बल पर बिरला कॉर्पोरेशन ने प्रीमियम बाजार हिस्सेदारी तथा मूल्य निर्धारण की रणनीति को मजबूती से आगे बढ़ाया। हमने लाभदायक बाजारों में अपनी स्थिति मजबूत रखी और निरंतर उत्कृष्ट परिणाम दिए।

### मार्च तिमाही में मजबूत प्रदर्शन

मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 295 करोड़ रुपये रहाए जो पिछले वर्ष की समान अवधि से 15 प्रतिशत अधिक है। सीमेंट बिक्री 4 प्रतिशत बढ़कर 5.45 मिलियन टन हो गई, जो अब तक की सर्वाधिक तिमाही बिक्री है। हालांकि कमजोर रियलाइजेशन और बिरला जूट मिल्स पर बाहरी प्रभावों से राजस्व लगभग स्थिर 2875 करोड़ रुपये रहा।

### प्रीमियम एवं ब्लेंडेड सीमेंट में रिकॉर्ड बिक्री

मार्च तिमाही में प्रीमियम सीमेंट बिक्री 21 प्रतिशत बढ़ी और ट्रेड चैनल की कुल बिक्री का 63 प्रतिशत रही। पूरे वर्ष प्रीमियम सीमेंट की बिक्री 18 प्रतिशत बढ़कर कुल का 61 प्रतिशत हो गई। प्रमुख ब्रांड परफेक्ट प्लस की बिक्री तिमाही में 27 प्रतिशत और वर्ष में 22 प्रतिशत बढ़ी जबकि यूनिक प्लस की 7 प्रतिशत (तिमाही) एवं 24 प्रतिशत (वर्ष)। ब्लेंडेड सीमेंट तिमाही में 87 प्रतिशत (10 प्रतिशत वृद्धि) और वर्ष में 88 प्रतिशत (11 प्रतिशत वृद्धि) रही। मध्य प्रदेश व महाराष्ट्र में 15.16 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई। इससे लाभप्रदता सुधरी और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन घटा।

### लागत नियंत्रण एवं हरित ऊर्जा पर जोर

पेट-कोक कीमतों में 36 प्रतिशत वृद्धि के बावजूद बिजली-ईंधन लागत 4 प्रतिशत घटकर 993 रुपये प्रति टन रही। हरित ऊर्जा उपयोग 25 से 31 प्रतिशत हो गया और व्यापार वितरण लागत में 2 प्रतिशत कमी आई।

### आरएमसी व निर्माण रसायन में विस्तार

परफेक्ट प्लस ब्रांड की मजबूती से कंपनी रेडी-मिक्स कंक्रीट एवं निर्माण रसायन कारोबार बढ़ा रही है। उत्तर प्रदेश में पांचवीं आरएमसी फैक्ट्री का निर्माण चल रहा है, साथ ही पड़ोसी राज्यों में विस्तार की योजना है।

### आउटलुक एवं जूट व्यवसाय

कंपनी के अनुसार बढ़ती लागत के बीच कीमत वृद्धि प्रयास हो रहे हैं, मगर प्रतिस्पर्धा तीव्र है। भू-राजनीतिक तनाव व मानसून वित्त वर्ष 2026-27 को प्रभावित करेंगे। जूट डिवीजन को कच्चे जूट की कमी से मार्च तिमाही में 12 करोड़ रुपये का नकद घाटा हुआ (पिछले वर्ष 4 करोड़ लाभ) मगर वर्षिक नकारात्मक ईबीआईटीडीए 6.13 करोड़ से घटकर 2.99 करोड़ रहा।

### कंपनी परिचय

एमपी बिरला समूह की प्रमुख कंपनी बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड (1919 में स्थापित) सीमेंट एवं जूट व्यवसाय में सक्रिय है। कंपनी एवं सहायक आरसीसीपीएल देशभर में आठ स्थानों पर 10 सीमेंट संयंत्र संचालित करती हैं, कुल क्षमता 21.4 मिलियन टन। एमपी बिरला सीमेंट ब्रांड के तहत सीमेंट उत्पाद, निर्माण रसायन एवं वॉल पुट्टी का उत्पादन-विपणन किया जाता है।

# मदर्स डे पर आयोजित हुए अनेक कार्यक्रम




निसं

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** श्री कल्याण वुमेन वेलफेयर सोसाइटी दांतारामगढ़ ने अपने मुख्यालय पर मदर्स डे कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनीषा पौद्दार समाजसेविका दांता ने की। मुख्य अतिथि प्रकाश कंवर शेखावत पूर्व सरपंच भारीजा, विशिष्ट अतिथिगण विमल कुमार शर्मा मुख्य पुजारी पंचमुखी हनुमान सुरेरा, अमरचन्द पौद्दार, यशोदा कांटीवाल व्याख्याता चन्देली का बास, संतोष कुमावत प्रवासी पूना, चन्द्रकला आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रहे। वक्ताओं ने माँ के बलिदान, त्याग और प्रेरणास्पद ऐतिहासिक महिलाओं के प्रसंग बताए। संस्था द्वारा प्रायोजित ऐतिहासिक मातृत्व शक्ति विषय पर चित्रकला, निबन्ध एवं भाषण प्रतियोगिताएं रखी। प्रतियोगिताओं में क्रमशः प्रथम स्थान हर्षिता कुमावत सुरेरा, कोमल, नेहा शर्मा धोलासरी, द्वितीय स्थान प्रिंस कुमावत भौरडो का बास, लक्ष्मी गुर्जर धोलासरी, ज्योति राठौड़ एवं तृतीय स्थान मिथलेश कुमावत, सुशीला गुर्जर, ममता कुमावत और बेस्ट स्पीचर का खिताब नितिन पौदार ने प्राप्त किए। सभी विजेता प्रतिभागियों को 200 रूपये नकद पुरस्कारए मोमेन्टो एवं प्रमाण पत्र संस्था द्वारा प्रदान किए गये। इस अवसर पर महिलाओं एवं युवतियों के लिए दांतारामगढ़ शाखा में 55 वें निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण बैच का उद्घाटन मेहमानों के द्वारा किया गया। कविता पंसारी द्वारा दांता सेन्टर हेतु सिलाई ट्रेनिंग मैटेरियल सूरत से उपलब्ध करवाया गया। विद्यालयों में समर वेकेशन के दौरान विद्यार्थियों के लिए संस्था द्वारा रामगढ़ में निःशुल्क इंग्लिश स्पोकन एवं ग्रामर कोर्स जीवण सिंह शेखावत प्राचार्य के आर्थिक सौजन्य से चलाने की घोषणा प्रकाश कंवर ने की। इस अवसर पर संस्था पदाधिकारी एवं प्रशिक्षकगण परमानन्द कुमावत स्किल डाइरेक्टर, बरजीदेवी, ज्योति कुमावत एमडी, सुशीला महला एवं बाबूलाल कुमावत संस्था फाउण्डर उपस्थित रहे । मंच संचालन नेहा शर्मा ने किया।

## भाविप ने की परिंडा अभियान की शुरुआत



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** भारत विकास परिषद शाखा द्वारा करंट बालाजी मंदिर परिसर एवं श्री रामानंद गोशाला परिसर में भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षीयो के पानी पीने हेतु 31 परिंडे लगाने का कार्य किया गया। रविवार को इस परिंडा अभियान की शुरुआत हुई। शाखा उपाध्यक्ष वीरेंद्र भाटी ने कहा यह छोटा सा प्रयास जीवो के प्रति करुणा, संवेदन शीलता और पर्यावरण संरक्षण का सुंदर संदेश है। सचिव सुरेश जाजू ने अपने विचार रखते हुए कहा गर्मी के इस मौसम में प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर, छत या आसपास में पक्षियों को पीने के पानी व्यवस्था करनी चाहिए और हमारे साथ परिंडा अभियान चलाए ताकि असंख्य जीवों को जीवनदान मिल सकता हैं। विगत हनुमान जन्मोत्सव पर करंट बालाजी मंदिर में परिषद के सदस्य विकास मित्र सीए नितेश माथुर ने अपने पिताजी स्व गोविंद चंद माथुर की पुण्य स्मृति में बहुत ही सुंदर पत्थर से निर्मित 5 बैंच मंदिर परिसर में लगाई गई थी उसका सभी परिषद सदस्यों ने अवलोकन किया। शाखा कोषाध्यक्ष कैलाश घोडेला ने सीए नितेश माथुर को इस पुण्य कार्य हेतु साधुवाद दिया। परिषद से संरक्षक हनुमान मल जांगिड़, सुशील कुमार पीपलवा, अध्यक्ष बृजेश माहेश्वरी, सचिव सुरेश जाजू, कोषाध्यक्ष कैलाश घोड़ेला, सीए नितेश माथुर, उपाध्यक्ष वीरेंद्र भाटी आदि ने अपनी सेवा प्रदान की।

## देशी कट्टा एवं कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ पुलिस टीम ने गश्त के दौरान शनिवार देर रात्रि को 25 वर्षीय युवक के पास से एक देशी कट्टा एवं कारतूस बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया व आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी अनुसार एएसआई राजेंद्रसिंह मय जाब्ता रात्रि को गश्त कर रहे थे। जब वे संगम चौराहा पहुंचे तो मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक के पास अवैध हथियार है तथा वह भागने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस तहसील के ग्राम भोजासर पहुंची तो वहां पर एक युवक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने सजगता दिखाते हुए युवक को पकड़कर नाम पता पूछा, तो उसने अपना नाम सुखबीर सिंह निवासी भोजासर बताया। जब भागने का कारण पूछा तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया, जिस पर पुलिस ने उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान युवक के पास एक देशी कट्टा व कारतूस बरामद हुआ, जिस पर पुलिस ने इन्हें जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

## योगाचार्य सुमित्रा को किया सम्मानित



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** डीडवाना कुचामन के लाडनूं में आयोजित 7वीं योगासन चैम्पियनशिप में सुजानगढ़ की योगाचार्य सुमित्रा जोगी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इनके साथ में कुलदीप सैन, जयदीप सिंह राठौड़, चित्रा बागड़ा, उमा सैन, भगवती जांगिड़, कौशल भोजक मौजूद रहे। प्रतियोगिता में उमा सैन ने रजत पदक, शीतल मिश्रा ने रजत पदक जीतकर सुजानगढ़ का नाम रोशन किया है। एसोसिएशन के सचिव डॉ दशरथ सिंह आभार व्यक्त किया। अतिथि गजेंद्रसिंह, प्रद्युम्न सिंह ने योगाचार्य सुमित्रा को सम्मानित किया।

# जल संघर्ष समिति की मीटिंग आयोजित

निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** जल संघर्ष समिति उदयपुरवाटी की मीटिंग रविवार को किशोरपुरा में नाथूराम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें सर्वप्रथम ग्यारसी लाल खटाना ककराना, चंवरा शीश राम रावत, नेवरी मोहन लाल, किशोरपुरा मदन मेघवाल, गुड़ा रोहिताश, दीपपुरा कैलाश, राजीवपुरा से चौथ मल, जगदीशपुरा से पकंज, पापडा से तेजा राम, सराय सुरपुरा से शिवदान, मावता से सूरज्ञान, खो से फुलचंद ने पेयजल किल्लत पर पेयजल विभाग, पीएचईडी के एईएन अनुज गुप्ता व जेईएन रोहिताश्व कुमार के समक्ष समस्याए रखी। उन्हें अतिशीघ्र समाधान का आश्वासन दिया है। चंवरा में मोरिंडा में हरिजन बस्ती में टैंकर सप्लाई से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की, हरिजन बस्ती व शांति मार्केट में नये थ्री फेश बोरिंग, सुरपुरा में श्योदान के पास मालियो की आकावाली ढाणी, वार्ड नं 9 में थ्री फेज नये बोरिंग व मावता में बंजारा बस्ती में भी थ्री फेज बोरिंग की मांग रखी है। समिति संयोजक एडवोकेट के के सैनी उदयपुरवाटी ने कहा पेयजल वाले गम्भीर संकट वाले इलाको में जैसे मोरिंडा, हरिजन बस्ती, मावता बंजरा बस्ती, सूरपुरा में मालियो की ढाणी में प्रायरिटी से पेयजल टैंकर सप्लाई शीघ्र शुरू कर, ऐसे अन्य भी संकटग्रस्त क्षेत्रों को चिह्नित कर राहत प्रदान करने की मांग रखी। इसके लिए टैंकर सप्लाई शीघ्र शुरू करने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि कुंभाराम लिफ्ट योजना की डल रही पाइप लाइन से उदयपुरवाटी के काफी गांवों में पेयजल लाइनों के टूटने से पेयजल बर्बाद हो रहा है, तत्काल इसे ठीक करने की मांग की है। साथ ही के के सैनी ने कहा कि बहुत जगह पिछली बार विभाग के मापदंड अनुसार पेयजल सप्लाई नहीं हुई।

जिससे फ्लोराइड युक्त व अस्वस्थ पानी सप्लाई हुआ जिससे बहुत से लोगों के इससे उल्टी दस्त जैसी समस्याओं हुई थी। इस बार शुरू से ही सतर्क रहने की जरूरत है। अन्यथा हमारी संघर्ष समिति इसे ग्रामीण व वार्ड इकाइयों के माध्यम से गंभीरता से लेगी। इसके लिए जागरूकता अभियान भी चला रहे हैं। इन सबके प्रति समय रहते विभाग नहीं जागा तो मजबूरन हमें जनता के साथ रोड पर आना पड़ेगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। अध्यक्ष नथू राम ने 2019 से पिछली साल 2025 तक जेजेएम में हुए कार्यों में एवं 2019 से लेकर 2025 तक गर्मीयो में हो रहे पेयजल सप्लाई टैंकरो में मनमर्जी व इसमें हुई अनियमितताओं की जांच कर हकीकत जनता के सामने लाए जाने की मांग की। इसके लिए शीघ्रे एसडीएम को ज्ञापन पत्र देकर निष्पक्ष जांच की मांग की जाएगी। अंत में अध्यक्ष के चुनाव को लेकर उपस्थित समस्त लोगों ने नये अध्यक्ष का चुनाव होने



तक नथू राम को ही उदयपुरवाटी जल संघर्ष समिति का अध्यक्ष रखें जाने की सर्वसम्मति बनी। इस दौरान मोहन लाल, मदन मेघवाल, नेवरी पूर्व सरपंच मोहनलाल, पापडा से तेजा राम, सराय से शिवदान, चंवरा से शीश राम, ककराना से ग्यारसी लाल आदि ने अपने अपने विचार रखें।

## ग्राम रथ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** ग्राम पंचायत राजपुरा में राज्य सरकार के ग्राम रथ अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा सरकार की योजनाओं से अधिकाधिक जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सूरजगढ़ के पूर्व विधायक सुभाष पूनियां ने कहा कि राजस्थान सरकार मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गांव, गरीब और किसान केंद्रित विकास की भावना के साथ कार्य कर रही है। ग्राम रथ अभियान इसी सोच का परिणाम है, जिसका उद्देश्य अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि अभियान की महत्वपूर्ण विशेषता सुझाव पेटिका है, जिसके माध्यम से ग्रामीण अपनी समस्याएं और सुझाव सीधे सरकार तक पहुंचा रहे हैं। राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है तथा प्रशासन द्वारा मौके पर ही समस्याओं के समाधान के प्रयास किए जा रहे हैं। भाजपा नेता महावीर पूनिया ने कहा कि ग्राम रथ अभियान राज्य सरकार की उस प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है, जिसमें गांव, किसान और विकास को केंद्र में रखकर आत्मनिर्भर राजस्थान के निर्माण की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष मदन नायक ने कहा कि राज्य सरकार पारदर्शी, जवाबदेह और जनसरोकार आधारित प्रशासन को प्राथमिकता दे रही है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति और तेज हो सके। सरकार की मंशा है कि गांव आत्मनिर्भर बने, किसानों को योजनाओं का पूरा लाभ मिले और प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकारी सुविधाएं सरलता से पहुंचें। कृषि, किसान और गांव सशक्त होंगे, तभी भारत आत्मनिर्भर बनेगा की सोच के साथ यह अभियान लगातार आगे बढ़ रहा है और अब तक लाखों लोगों तक पहुंच चुका है। अभियान के दौरान कला जत्थों और स्थानीय लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। आकर्षक प्रस्तुतियों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया और उन्हें सरकारी योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर विकास अधिकारी अशोक कुमार, सहायक विकास अधिकारी टीकूराम मीणा, रथ प्रभारी श्याम सुन्दर शर्मा, प्रशासक शिवराम सिंह सिहाग, ग्राम विकास अधिकारी दशरथ यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष मदन नायक, अनुसूचित जाति मोर्चा झुंझुनू जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र भाटिया, कनिष्ठ सहायक मुकेश नायक, मनोज स्वामी तथा ग्रामीण रेंवतमल लाटा, भंवर सिंह, हाजी मुबारक खां, रणजीत तंवर, कुरसेद फौजी, मनोज लाटा, राजेन्द्र सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कैडेट्स के लिए फायरिंग सत्र आयोजित



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** 3 राज बटालियन एनसीसी सीकर द्वारा एक्सीलेंस इंग्लिश एकेडमी, रींगस में आयोजित एटीसी-1 शिविर के अंतर्गत कैडेट्स के लिए फायरिंग सत्र का सफल आयोजन किया गया। फायरिंग अभ्यास के दौरान सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा गया तथा फायरिंग रेंज पर सभी आवश्यक सुरक्षा उपकरणों एवं सावधानियों का उपयोग किया गया। कैडेट्स को हथियार संचालन, लक्ष्य साधना एवं फायरिंग के मूलभूत नियमों की जानकारी दी गई। सभी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक फायरिंग अभ्यास में भाग लिया। यह प्रशिक्षण यूनिट के कमांडिंग ऑफिसर के निर्देशन एवं निगरानी में संपन्न हुआ। अधिकारियों एवं पीआई स्टाफ ने कैडेट्स को अनुशासन, सुरक्षा और जिम्मेदारी के महत्व के बारे में भी अवगत कराया। शिविर में आयोजित इस प्रशिक्षण से कैडेट्स में आत्मविश्वास, साहस एवं सैन्य कौशल का विकास हुआ।

## गोदाम से 55 मिक्सी चोरी के प्रकरण में मामला दर्ज

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** क्षेत्र के पश्चिमी बाजार में इलेक्ट्रानिक्स सामान के गोदाम से ब्रांडेड 55 मिक्सी की चोरी के मामला हुआ दर्ज। चोरी की गई मिक्सी की कीमत करीब तीन लाख रुपए बताई गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार गोदाम से मिक्सी की चोरी कर हाथ ठेले में भरकर वहां से जा रहा था। शुक्रवार की देर रात वार्ड के ही एक युवक भूपेश भुवालका गोदाम से मिक्सी की चोरी कर हाथ ठेले में भरकर वहां से चला गया। घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है तथा आरोपी की शिनाख्त पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे के आधार पर की है, जिसकी तलाश जारी है। पीड़ित व्यापारी नरेंद्र झंवर निवासी वार्ड 11 ने लिखित रिपोर्ट दी कि उसकी पश्चिमी बाजार में इलेक्ट्रानिक की दुकान है और उसके घर में गोदाम बना हुआ है। वह 10 दिन से परिवार सहित शादी समारोह में शामिल होने के लिए सूरत गया हुआ था। वह शुक्रवार को वापस पहुंचा। घटना के बाद उसने गोदाम की संभाला तो ब्रांडेड कंपनी की 55 मिक्सी नहीं मिली। व्यापारी ने आशंका जताई है कि उक्त युवक पिछले दो-तीन दिनों से गोदाम से सामान की चोरी कर रहा था।

## कुंड में डूबने से पशु चराने गए युवक की मौत

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** तहसील के ग्राम खोथड़ी में खेत में बनी पानी की कुंड में डूबने से 46 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम खोथड़ी के सुरेश पुत्र गंगाराम स्वामी ने रिपोर्ट दी कि उसका छोटा भाई धर्मेंद्र उर्फ धर्माराम पशुओं को लेकर खेत गया था। थोड़ी देर बाद उसके चाचा का बेटा जयप्रकाश खेत पहुंचा, तो पानी के कुंड का ढक्कन खुला पड़ा था। कुंड में देखा तो धर्मेंद्र उसमें पड़ा हुआ था। मौके पर पहुंची पुलिस उसके छोटे भाई को कुंड से निकालकर जिला अस्पताल लेकर आई, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द किया।

## ठाकुरजी का हुआ जल विहार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जेठ माह की भीषण गर्मी के बीच पुरानी बस्ती स्थित मंदिर श्रीश्री राधा गोपीनाथ महाराज में ठाकुरजी के जल विहार की मनोहारी झांकी सजाई गई। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से ठाकुरजी के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। जल विहार झांकी में केवड़ा, गुलाब जल, जूही और मोगरे की सुगंध से पूरा मंदिर परिसर महक उठा। ठाकुरजी का विशेष अभिषेक कर उन्हें शीतलता प्रदान की गई। मंदिर को आकर्षक फूलों और रंग-बिरंगी सजावट से सजाया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने ठाकुरजी के जल विहार दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर में भजनों और जयकारों के बीच भक्त देर तक भक्ति रस में सराबोर रहे।



# प्रिंस लोटस वैली में मदर्स डे सेलिब्रेशन मनाया

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जयपुर-बीकानेर बाईपास, सीकर स्थित सीबीएसई इंग्लिश मीडियम प्रिंस लोटस वैली जूनियर विंग में मदर्स डे समारोह उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। समारोह में मॉन्टेसरी से कक्षा द्वितीय तक के विद्यार्थियों की मदर्स को आमंत्रित किया गया, जिसमें 200 से अधिक मदर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध निदेशक एम आर अग्रवाल, प्रिंसिपल पूनम चौहान व कॉर्डिनेटर्स द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक एम आर अग्रवाल ने उपस्थित सभी मदर्स का विद्यालय पर विश्वास व्यक्त करने तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में निरंतर सहयोग देने हेतु आभार प्रकट किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि माँ बच्चों के जीवन की प्रथम गुरु होती है, जो अपने संस्कार, स्नेह एवं त्याग से बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य, गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थितजनों का मन मोह लिया। बच्चों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने मातृत्व के प्रति प्रेम, सम्मान एवं भावनात्मक जुड़ाव की सुंदर अभिव्यक्ति प्रस्तुत की।

समारोह में उपस्थित मदर्स के लिए विभिन्न मनोरंजक खेलों एवं गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिनमें सभी मदर्स ने पूरे उत्साह एवं आनंद के साथ सहभागिता निभाई। विजेता प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## डॉ बंसल प्रकरण : एसआईटी गठन के बाद डॉक्टरों का आंदोलन स्थगित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** डॉ सोनदेव बंसल के परिजनों के साथ कथित मारपीट के मामले में विशेष जांच दल गठित किए जाने के बाद जयपुर में चल रहा डॉक्टरों का आंदोलन रविवार को स्थगित कर दिया गया। आंदोलन समाप्त होने के साथ ही 7 मई की रात से बंद पड़े निजी अस्पतालों में मरीजों के उपचार की सुविधा फिर से शुरू हो गई है। पुलिस की ओर से एसआईटी गठन की घोषणा के बाद इंडियन मेडिकल एसोसिएशन , जयपुर मेडिकल एसोसिएशन एवं प्राइवेट हॉस्पिटल्स एंड नर्सिंग होम्स एसोसिएशन सहित विभिन्न चिकित्सा संगठनों के पदाधिकारियों की एसएमएस अस्पताल स्थित जेएमए सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में आंदोलन को स्थगित करने का निर्णय लिया गया। आईएमए राजस्थान के जोनल सचिव डॉ अनुराग शर्मा ने बताया कि सभी संगठनों ने मरीजों की सुविधा को देखते हुए तत्काल प्रभाव से निजी अस्पतालों में चिकित्सा सेवाएं पुनः शुरू करने का निर्णय लिया है। पीएचएनएचए के अध्यक्ष डॉ विजय कपूर ने कहा कि चिकित्सा संगठनों को सरकार और न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि डॉ सोनदेव बंसल और उनके परिवार को न्याय मिलने तक संगठन अपना विरोध जारी रखेंगे और मामले की प्रगति पर नजर बनाए रखेंगे। डॉ अनुराग शर्मा ने बताया कि इससे पूर्व चिकित्सा संगठनों का प्रतिनिधिमंडल पुलिस कमिश्नर से मिला था। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि कुछ वकीलों के समूह की ओर से लगातार धमकी, दबाव और हंगामे का माहौल बनाया जा रहा है तथा डॉ बंसल की जमानत सुनवाई में भी व्यवधान उत्पन्न किया गया।

## नशीला पदार्थ पिलाकर छात्रा से दुष्कर्म

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर में पड़ोसी युवक ने नाबालिग 9वीं क्लास की छात्रा को धोखे से मिलने का झांसा देकर बुलाया और होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी के चुगंल से मुक्त होने के पीड़िता ने मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी। गुस्साए परिजनों ने पीड़िता को थाने ले जाकर मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर पोस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि जयपुर निवासी 15 वर्षीय नाबालिग युवती 9वीं क्लास की छात्रा है । पड़ोस में रहने वाले युवक ने नाबालिग युवती को मिलने का झांसा देकर अकेले बुलाया और झांसा देकर होटल में ले गया। जिसके बाद आरोपी ने उसे कॉफी में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया और अचेत अवस्था में उसके साथ दुष्कर्म किया। होश में आने के बाद पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी युवक ने उसे डरा-धमका कर चुप करवा दिया। आरोपी के चुगंल से मुक्त होने के बाद पीड़िता अपने घर पहुंची और मामले की जानकारी परिजनों को दी। जिसके बाद पीड़िता ने परिजनों के साथ थाने पहुंच आरोपी युवक के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कराया। पुलिस ने पोस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया।


**नाम परिवर्तन**

मैं प्रिया खींची पुत्री राजेंद्र खींची जाति खटीक निवासी मोहल्ला खटीकान वार्ड नं. 32 झुंझुनूं राज.। मैने मेरा नाम प्रिया से बदलकर प्रिया खींची रख लिया है अतः भविष्य में मुझे प्रिया खींची के नाम से जाना व पहचाना जावे। सभी उद्देश्यों के लिए।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190